तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 24.6 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

14 बहनों की राखी पहुंचाने 8 जगह स्पेशल पीला बाक्स...



14 रोवर अवार्डी संधू व देवाशीष का कैट ने किया सम्मान



# रेलवे स्टेशनों पर लगेंगी ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीनें, 24 घंटे खाने-पीने की सुविधा, ओवररेटिंग से भी मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की ओर से पानी और खाद्य सामग्री में ओवररेटिंग को लेकर लगातार मिल रही शिकायत अब कम होगी, क्योंकि रेलवे ने अब जोन स्तर पर स्टेशनों में ऑटोमेटिक वेंडिंग मशीनें लगाने का निर्णय लिया है। इन मशीनों की सुविधा स्टेशन में 24 घंटे उपलब्ध रहेगी, जिससे यात्री किसी भी समय पानी, कोल्ड ड्रिंक, चिप्स, बिस्किट और अन्य पैक्ड स्नैक्स निर्धारित दर पर खरीद सकेंगे। रेलवे के अनुसार, इस पहल से ओवररेटिंग की समस्या पर न सिर्फ प्रभावी नियंत्रण होगा, ▶▶|शेष पेज 13 पर


### रात में भी मिल सकेंगी खाने की चीजें

रेलवे स्टेशन पर रात के समय अधिकतर दुकानें बंद हो जाती हैं। ऐसे में यात्रियों को खाने-पीने की चीजों के लिए या तो स्टेशन से बाहर जाना पड़ता है या फिर प्लेटफॉर्म पर लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। अब इस समस्या का समाधान ऑटोमैटिक वेंडिंग मशीन से होगा। इन मशीनों से पानी, कोल्ड ड्रिंक, चिप्स, बिस्किट और अन्य पैक्ड स्नैक्स आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। यात्रियों को न तो लंबी लाइन में लगना होगा और न ही छुट्टे पैसों की चिंता रहेगी। साथ ही, ट्रेन छूटने की जल्दबाजी में बाहर भागने की जरूरत भी नहीं होगी।

जानकारी के मुताबिक, इन आधुनिक वेंडिंग मशीनों की कीमत करीब 3 लाख से 6 लाख रुपये तक है। यह सुविधा यात्रियों के लिए सुविधाजनक और सुरक्षित विकल्प के रूप में सामने आ रही है।

### यात्री यूपीआई या क्यूआर कोड के माध्यम से कर सकेंगे भुगतान

- जोन के बड़े स्टेशनों में लगाई जाएगी वेंडिंग मशीन, स्टेशन में यात्रियों की बढ़ेगी सुविधा



**जोन स्तर पर मशीन लगाई जाएगी**

स्टेशन में यात्रियों को सुविधा देने के लिए वेंडिंग मशीन लगाई जा रही है। मंडलों के स्टेशन में भी यह सुविधा मिलेगी। जोन स्तर पर मशीन लगाई जाएगी।
- डॉ. सुरकर विपुल विलासराव
सीपीआरओ, दपूमरे

### सेकंड में चयनित आइटम मशीन से बाहर

मशीन के इस्तेमाल का तरीका बेहद सरल है। यात्री टच स्क्रीन पर अपनी पसंद की वस्तु जैसे कोक, पेप्सी, कुरकुरे, बिस्किट आदि चुन सकते हैं। इसके बाद भुगतान के लिए कैश की कोई आवश्यकता नहीं होती। यात्री यूपीआई, क्यूआर कोड या डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। पेमेंट सफल होते ही कुछ ही सेकंड में चयनित आइटम मशीन से बाहर आ जाता है। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से यह भी अपील की है कि वे उपयोग किए गए पैकेट या अन्य कचरे को प्लेटफॉर्म पर लगे डस्टबिन में डालें, ताकि स्टेशन की सफाई और स्वच्छता बनी रहे। यह तकनीकी पहल न केवल सुविधाजनक है, बल्कि पारदर्शिता और ओवररेटिंग पर नियंत्रण के लिए भी बेहद प्रभावी साबित हो रही है।

## खबर संक्षेप

### वन विभाग में फॉरेस्टर समेत अन्य के थोक में तबादले

**रायपुर।** वन विभाग ने बुधवार को फॉरेस्टर. डिप्टी फॉरेस्टर, फॉरेस्ट गार्ड तथा क्लर्क आदि 205 वनकर्मियों का तबादला आदेश जारी किया है। जारी तबादला आदेश के मुताबिक, 60 फॉरेस्टर, 27 डिप्टी फॉरेस्टर, 86 फॉरेस्ट गार्ड तथा 32 क्लर्क का ट्रांसफर किया गयाहै। जिन वनकर्मियों का तबादला किया गया है, वे लंबे अरसे से एक ही जगह जमे हुए थे। इस वजह से वन मुख्यालय ने निचले स्तर के वनकर्मियों को इधर से उधर भेजा है।

### सेक्स रैकेट, दो के खिलाफ पीटा एक्ट का केस दर्ज

**रायपुर।** पुरानी बस्ती पुलिस ने प्रोफेसर कॉलोनी के एक मकान में सेक्स रैकेट संचालित करने के आरोप में युवक तथा युवती के खिलाफ पीटा एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने उक्त कार्रवाई बजरंग दल की शिकायत पर की है। पुलिस के अनुसार, प्रोफेसर कालोनी के एक मकान में छापे की कार्रवाई की गई। छापे में कुछ युवा संदिग्ध हालत में मिले। पूछताछ करने पर आकाश उर्फ गौरव साहू तथा नेहा साहू के कहने पर आने की जानकारी मौके पर उपस्थित युवक, युवतियों ने पुलिस को दी। गौरव तथा नेहा का मोबाइल चेक करने पर उनके मोबाइल में कई युवतियों के फोटो मिले। नेहा तथा गौरव छह माह पूर्व मकान किराए पर लिया था। दोनों लिव इन रिलेशन में रह रहे थे।

### छह माह में 700 क्विंटल से ज्यादा गांजा जब्त, 83 केस दर्ज

# गांजा तस्करी का बदला ट्रेंड, तस्कर बना रहे बच्चों को कुरियर, छग बना कॉरिडोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

पड़ोसी राज्य ओडिशा से अन्य राज्यों में गांजा तस्करी करने का छत्तीसगढ़ एक बड़ा ट्रांजिट रूट बन चुका है। पता चला है कि पुलिस की सख्ती के बाद तस्करों ने तस्करी का ट्रेंड बदल दिया है। उन्होंने नाबालिग बच्चों का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। पकड़े गए कुछ मामले इसकी पुष्टि कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि तस्कर किशोरों को माध्यम बनाकर उनसे ट्रेन तथा बस रूट से कम मात्रा में गांजा तस्करी करवा रहे हैं, इसीलिए गांजा तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में पुलिस को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी पुलिस ने मुखबिरों की मदद से पिछले साढ़े छह महीने में गांजा तस्करी के जो मामले दर्ज किए हैं, उससे कई गुना ज्यादा गांजा तस्कर ओडिशा से छत्तीसगढ़ के रास्ते देश के अलग-अलग राज्यों में खपा चुके हैं।

छत्तीसगढ़ से ओडिशा के रास्ते गांजा तस्करी करने के ज्यादातर मामले बस्तर के सुकमा, जगदलपुर, कोंडागांव, कांकेर, धमतरी, महासमुंद, रायगढ़ तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ ▶▶|शेष पेज 13 पर

### नए ट्रेंड में गांजा तस्करी करने कर रहे बाइक का इस्तेमाल

### आईजी बोले- पकड़ने में मिल रही लगातार कामयाबी

रेंज आईजी अमरेश मिश्रा के अनुसार गांजा तस्करी रोकने कुरियर ब्वाय पर नजर रखने अलग से मुखबिर तंत्र तैयार किया गया है। यही कारण है कि बड़ी संख्या में स्थानीय के साथ इंटर स्टेट गिरोह के गांजा तस्करों को पकड़ने में कामयाबी मिली है। साथ ही जिन लोगों ने तस्करों को गांजा उपलब्ध कराया था, उनकी भी गिरफ्तारी की गई है। गांजा तस्करों पर नकेल कसने और काम करने की जरूरत है। गांजा तस्करी पर अंकुश लगाने ड्राइविंग स्टाफ को भी सचेत किया गया है। साथ ही गांजा तस्करी रोकने रेलवे के साथ बसों के डंपिंग पाइंट पर नजर रखी जा रही है।


गांजा तस्कर की 70 लाख की संपत्ति अटैच

### अब तक जितने पकड़े गए उनमें ज्यादातर दूसरे राज्य के

राजधानी पुलिस ने पिछले साढ़े छह महीने में गांजा तस्करी के 83 प्रकरण दर्ज कर सवा सात सौ क्विंटल गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने 131 तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों में 75 प्रतिशत दूसरे राज्य के हैं। स्थानीय स्तर पर पुलिस ने जो तस्कर गिरफ्तार किए हैं, उनमें वे पड़ोसी राज्य के तस्करों के मददगार अथवा छिटपुट गांजा का कारोबार करने वाले कोचिया शामिल थे। पड़ोसी राज्य के तस्कर स्थानीय गांजा तस्करों को कमीशन के आधार पर एजेंट बनाकर उनकी मदद ले रहे हैं। स्थानीय तस्कर बगैर पैसा निवेश करे कमीशन मिलने की वजह से पड़ोसी राज्यों के तस्करों की मदद करने तैयार रहते हैं।

### पुख्ता मुखबिरी पर बड़ी गाड़ियों की जांच

पुलिस के अनुसार पंजाब, हरियाणा, उत्तरप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के गांजा तस्कर गांजा तस्करी करने लांग रूट पर चलने वाली हैवी गाड़ियों की मदद ले रहे हैं। 10 चक्के के ट्रक में अलग से ट्रक के अंदर आराम से चार से पांच क्विंटल गांजा चोरी छिपे ले जा सकते हैं। ऐसी गाड़ियों में गांजा होने की पुख्ता सूचना होने पर जांच की जाती है। अन्यथा गाड़ी में लोड माल अनलोड कराने के बाद गांजा नहीं मिलने पर पुनः लोडिंग कराने में परेशानी होती है।

### सीमित मात्रा में तस्करी करने बाइक का इस्तेमाल

ज्यादा मात्रा में गांजा तस्करी करने पर पकड़े जाने का भय रहता है। इससे बचने गांजा तस्कर धमतरी, महासमंद तक बस रूट से झोले में भरकर सीमित मात्रा में गांजा लेकर आते हैं। इसके बाद बाइक से बताए गए पाइंट में तस्कर गांजा छोड़ने रायपुर से होते हुए दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर जाते हैं।

### पुलिस से बचने अंदरूनी रास्तों का इस्तेमाल

रायपुर, दुर्ग-भिलाई मार्ग मुख्य हाईवे है, इस मार्ग में पुलिस कई जगह चेक पाइंट लगाकर समय-समय पर वाहनों की जांच करती है। इसीलिए तस्कर गांजा तस्करी करने धरसींवा, सिमगा मार्ग का इस्तेमाल कर राज्य के साथ पड़ोसी राज्यों में गांजा तस्करी करते हैं। हाल ही में खमतराई पुलिस ने एक अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक स्थानीय के साथ चार ओडिशा के गांजा तस्करों के कब्जे से 48 किलो गांजा जब्त किया था। ओडिशा का तस्कर ट्रांसपोर्ट नगर में किराए पर दुकान लेकर देश के अलग-अलग राज्यों में गांजा तस्करी करता था।

# चैतन्य के करीबियों पर ईडी का शिकंजा, सात कारोबारियों को पूछताछ के लिए नोटिस


शराब घोटाले में ईडी का दावा-चैतन्य को मिले थे 16.70 करोड़ रुपए, रियल स्टेट में इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के चर्चित 2174 करोड़ रुपए के शराब घोटाले में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की संलिप्तता के आरोप में न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल होने के बाद ईडी ने उनके करिबियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

- कारोबारियों में होटल कारोबारी से लेकर रेलवे ठेकेदार तक शामिल

सूत्रों के मुताबिक ईडी ने चैतन्य के करीबी सात कारोबारियों को पूछताछ करने नोटिस जारी किया है। जिन लोगों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें दुर्ग-भिलाई के होटल के साथ सराफा कारोबारी और रेलवे ठेकेदार शामिल हैं।

ईडी के दावों के अनुसार चैतन्य बघेल का शराब कारोबारी, ट्रांसपोर्टर लक्ष्मीनारायण उर्फ पप्पू बंसल, रेलवे ठेकेदार विजय अग्रवाल, त्रिलोक सिंह ढिल्लन और दीपेंद्र चावड़ा के साथ कनेक्शन मिलने पर कार्रवाई की गई। इन सभी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### पिछले सप्ताह विजय के यहां ईडी ने दी थी दबिश

महादेव सट्टा एक के प्रमोटर सौरभ आहूजा की जयपुर में आयोजित शादी पार्टी में दुर्ग के होटल कारोबारी तथा रेलवे ठेकेदार विजय अग्रवाल के शामिल होने की जानकारी ईडी को मिली थी। इसके बाद ईडी ने विजय अग्रवाल तथा उनसे जुड़े करीबियों के चार ठिकानों में छापे की कार्रवाई की थी। मनी लांड्रिंग तथा हवाला कारोबार को लेकर ईडी ने विजय तथा उनके करीबियों के ठिकानों में छापे की कार्रवाई की थी।

### पूछताछ करने अलग-अलग तिथि निर्धारित

सूत्रों के मुताबिक ईडी ने जिन सात कारोबारियों को पूछताछ करने नोटिस जारी किया है, उन सभी को ईडी ने अलग-अलग तिथि में पूछताछ करने नोटिस जारी किया है। चैतन्य के जेल दाखिल होने के बाद अब तक दो कारोबारियों के ईडी कार्यालय में बयान दर्ज कराने आने की जानकारी सूत्रों ने दी है। पूछताछ में ईडी के अफसर कारोबारियों के चैतन्य के साथ व्यापारिक रिश्तों की तथा कारोबार में रकम निवेश करने की जानकारी जुटा रहे हैं।

# 48 घंटे मध्य छग में जमकर बरसेंगे बदरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुक्रवार और शनिवार को मौसम विभाग ने बारिश संबंधित गतिविधियों में तेजी आने की संभावना व्यक्त की है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर स्थित एक निम्न दाब के क्षेत्र के कारण यह स्थिति बन रही है। निम्न दाब के क्षेत्र के साथ ही ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। अगले 24 घंटे में इसके अधिक प्रबल होकर चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में परिवर्तित होने ▶▶|शेष पेज 13 पर

- बंगाल की खाड़ी में बन रहा निम्न दाब का क्षेत्र



### तापमान सामान्य, दुर्ग सर्वाधिक गर्म

गुरुवार को राजधानी रायपुर में बादल छाए रहे, लेकिन बारिश जैसी कोई स्थिति निर्मित नहीं हुई। तापमान लगभग सामान्य ही रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से 1 डिग्री अधिक 31.4 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान सामान्य से मात्र 0.5 डिग्री अधिक 26.6 डिग्री रहा। प्रदेश में सर्वाधिक गर्म ▶▶|शेष पेज 13 पर

# ट्रंक के बाद बोरी में मिली युवक की लाश एक सप्ताह के भीतर हत्या की छठवीं वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में एक सप्ताह के भीतर छह हत्या की घटनाएं सामने आई हैं। हाल के दिनों में अभनपुर थाना क्षेत्र में बुजुर्ग दंपति की गला रेतकर निर्मम हत्या के बाद राखी थाना क्षेत्र के बेंद्री स्थित एक गिट्टी खदान में गुरुवार देर शाम बोरी में लाश मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के आला अफसर ▶▶|शेष पेज 13 पर

- बेंद्री स्थित गिट्टी खदान में बोरी से बदबू आने पर ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना



### पशु आहार की बोरी में भरकर फेंकी गई लाश

युवक की लाश प्लास्टिक की बोरी में भरकर फेंकी गई है। जिस बोरी में युवक को मारकर भरा गया है, वह पशु आहार की बोरी है। बोरी 50 किलो साइज की है। बोरी में पशु आहार बनाने ▶▶|शेष पेज 13 पर

### एक सप्ताह के भीतर जिले के इन थाना क्षेत्रों में हुई हत्या

- 16 जुलाई, बिरोदा (अभनपुर)- भूखन ध्रुव और उसकी पत्नी रुक्मणी की धारदार हथियार से हत्या। हत्या के आरोप में छोलाछाप डाक्टर गिरफ्तार बुजुर्ग के ताने की वजह से गला रेतकर हत्या की गई थी।
- 17 जुलाई, मंदिर हसौद- पेट्रोल पंप में लूट के दौरान मैनेजर योगेश मिरी की हत्या। हत्या के आरोप में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सहित दो बदमाशों को गिरफ्तार किया।
- 17 जुलाई, खमतराई, भनपुरी- चोरी के मोबाइल के बंटवारे को लेकर ▶▶|शेष पेज 13 पर


### जांच अभियान चलाकर पुलिस ने 70 गाड़ियों का काटा चालान

# नवा रायपुर की चौड़ी सड़कों पर लगातार हादसों के बाद 'कंट्रोल' के लिए उतरी पुलिस, पकड़े गए नशेड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर में दर्दनाक सड़क हादसे में वनमंत्री केदार कश्यप के भतीजे निखिल कश्यप की मौत के बाद ट्रैफिक पुलिस ने नवा रायपुर में बुधवार को जांच अभियान तेज करते हुए 70 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। ट्रैफिक पुलिस के शिकंजे में ज्यादातर कार चालक तेज रफ्तार कार चलाते फंसे। महज आधा दर्जन बाइकर्स तेज रफ्तार बाइक चलाते मिले। पुलिस ने जिन 70 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है, उनमें पांच वाहन चालक नशे की हालत में वाहन चलाते पाए गए। नशे में वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर ट्रैफिक पुलिस ने मोटर व्हिकल एक्ट 185 के तहत कार्रवाई करते हुए उनके वाहन जब्त किए हैं।

- 59 कार तथा छह बाइकर्स तेज रफ्तार बाइक चलाते, पांच वाहन चालक नशे में गाड़ी चलाते मिले



एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस ने नवा रायपुर में गाड़ियों की जांच की। ट्रैफिक पुलिस ने जांच अभियान नवा रायपुर क्षेत्र में खाली सड़कों पर तेज रफ्तार वाहनों से हो रहे सड़क हादसों पर अंकुश लगाने देर रात तक स्टेडियम टर्निंग एवं माना विमानतल तिराहा तक चलाया। तेज रफ्तार वाहन चलाने वाले वाहन चालकों का ट्रैफिक पुलिस ने ई-चालान काटा है। ट्रैफिक पुलिस ने नवा रायपुर में नियमित अभियान चलाकर तेज रफ्तार वाहन चलाने वालों पर लगाम लगाने का दावा किया है। साथ ही ट्रैफिक पुलिस ने वाहन चलाने वालों से नवा रायपुर की खाली सड़कों पर तेज रफ्तार वाहन नहीं चलाने अपील की है।



## खबर संक्षेप

### विधायक शर्मा ने हरेली पर्व पर दी शुभकामनाएं

**सिलयारी।** धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने छत्तीसगढ़ के परंपरागत लोकपर्व हरेली के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी । अनुज शर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की मिट्टी से जुड़ा ऐसा पर्व है, जो हमारी कृषि संस्कृति, लोक परंपरा और प्रकृति प्रेम का प्रतीक है। हरेली पर्व खेती-किसानी से जुड़ा पहला त्योहार है, जिसमें किसान अपने कृषि उपकरणों की पूजा कर धरती माता के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हैं। यह पर्व न केवल अच्छी फसल की कामना का अवसर है।

### मानव अधिकार के सदस्यों ने थाना प्रभारी से की भेंट



**तिल्दा नेवरा।** राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो के जिला जनसंपर्क अधिकारी व छत्तीसगढ़ पीआरओ सुरेन्द्र यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल थाना पहुंचकर थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी से मुलाकात किए व औपचारिक चर्चा किए। साथ ही प्रतिनिधि मंडल ने थाना प्रभारी से कुछ मुद्दों को लेकर आवश्यक चर्चा भी की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोधी ब्यूरो के छत्तीसगढ़ पीआरओ सुरेन्द्र यादव, जिला सदस्य विनय गुप्ता, महिला विंग अध्यक्ष श्रीमती सपना किशोर , ब्लॉक सचिव संगीता मिश्रा आदि उपस्थित थे।

### सैर सपाटा टीम का रानी जैन ने किया सम्मान



**तिल्दा नेवरा।** नेवरा के प्रबुद्ध जनों की खास कर युवाओं की एक टीम है जिसे सैर सपाटा नाम दिया गया है और इस टीम के द्वारा दशहरा पर्व, होली पर्व, दीपावली एवं आज हरेली पर्व पर स्वल्पाहार का आयोजन किया जाता है,

आज हरेली पर्व पर सुभाष चौक नेवरा में उनके द्वारा स्वल्पाहार का आयोजन कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में शहर व क्षेत्र वासियों ने इसका लाभ उठाया , साथ ही इस अवसर पर सैर सपाटा टीम की ऐसे कार्यों को देखते हुए नगर पालिका के सभापति रानी सौरभ जैन द्वारा भगवान शंकर भोलेनाथ का गमछा पहनकर उनका स्वागत व सम्मान किया गया। सैर सपाटा टीम के सभी लोगों ने भाजपा के शहर महामंत्री सौरभ जैन एवं सभापति रानी जैन के प्रति आभार व्यक्त किया। वही भाजपा महामंत्री सौरभ जैन ने सैर सपाटा टीम को ऐसे कार्यों के लिए बधाई दी।

### फसल बीमा योजना में विसंगतियां उजागर

**आरंग।** आज तक तो बीमा कराने के इच्छुकों द्वारा आवेदन करने पर ही बीमित किये जाने की जानकारी मिली है पर पहली बार फसल की बीमा न कराने के इच्छुक ऋणी किसानों द्वारा इस संबंध में नियत तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित प्रपत्र न भरने पर जबरिया फसल बीमित करने का अनोखा योजना सामने आया है। सोसायटियों के माध्यम से अल्पकालीन ऋण लेने वाले किसानों द्वारा पूर्व में इस संबंध में भरे जा चुके फ़ार्मों को दरकिनार कर खेती के इस व्यस्ततम मौसम में किसानों को सोसायटियों में पहुंच यह प्रपत्र भरना पड़ रहा है।

# साइंस ओलम्पियाड प्रतियोगिता के 18 विद्यार्थियों को मिला गोल्ड मेडल

## सृजन विद्यालय के 71 विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड परीक्षा में सम्मिलित हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग के 71 विद्यार्थियों ने साइंस ओलंपियाड फाऊंडेशन द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित हुए जिसमें 18 विद्यार्थी जोनल स्तर पर रैंक बनाकर गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कक्षा दसवीं से मनीष साहू ने जोनल रैंक प्रथम स्थान प्राप्त कर जोनल गोल्ड मेडल, डिस्टेंशन गोल्ड मेडल, इंटरनेशनल तेरहवां रैंक में 5000 रुपये की नगद राशि प्राप्त कर शाला को गौरवान्वित किया।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन किया**

वही तीसरी से रानू लोधी, चौथी से पूर्वी ध्रुव, योग लक्ष्मी साहू और वासिफ रजा पांचवी से रुचि निर्मलकर, जान्हवी साहू, भूमि साहू, छठवीं से वंशिका देशलहरे, सातवीं से झरना साहू आठवीं से अनन्या द्विवेदी, यशिका साहू, पारख प्रकाश साहू, नवमी से खुशबू साहू दसवीं से नेहा साहू, पलक चंद्राकर, मुस्कान





चंद्राकर, मनीष साहू, द्रौपती साहू ने अपनी प्रतिभा का लोहा मानवते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह एक ऐसी परीक्षा है जो छात्रों को विज्ञान, गणित, अंग्रेजी और सामान्य ज्ञान जैसे विषयों में उनकी दक्षता का मूल्यांकन करने के लिए आयोजित की जाती है। एसओएफ एक गैर लाभकारी संगठन है, जो भारत और अन्य देशों में स्कूली बच्चों के बीच परीक्षाएं आयोजित करता है जो छात्रों में शैक्षणिक क्षमताओं को बेहतर बनाने और विभिन्न क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा करने में मदद करते हैं। इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य यशोदा योगी को भी सर्टिफिकेट ऑफ़ अप्रेसिएशन प्रदान कर सम्मानित किया। उप प्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सोहागा देवांगन, विद्यालय के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छात्रधारी सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, उपसचिव सतीश सोनकर एवं सभी शिक्षक वृंद ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की।

## पर्व : गुरहा चीला, बोबरा और विविध व्यंजनों का प्रसाद भगवान को चढ़ाया

# हरेली पर गेड़ी दौड़ ने किया रोमांचित, पारंपरिक वेशभूषा में महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

अंचल भर में गुरुवार को छत्तीसगढ़ का पारंपरिक हरेली तिहार बड़े ही धूमधाम और उमंग के साथ मनाया गया। किसानों और लोक संस्कृति से जुड़े इस महापर्व पर जगह-जगह विविध आयोजन हुए, जिसमें स्थानीय लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान रंगबिरंगी पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं और युवा उत्सव की शोभा बढ़ा रहे थे वही कई ग्राम पंचायतों में हरेली के दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री के आह्वान पर माँ के नाम पेड़ लगाया गया।

***मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़***

*हरेली के पावन अवसर पर मंदिरों में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तगण मंदिरों में भगवान के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचने लगे थे। विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में पारंपरिक गीतों और भजनों की गूंज सुनाई दे रही थी, जिससे पूरे वातावरण में भक्तिमय ऊर्जा का संचार हो रहा था। लोगों ने सुख-समृद्धि और अच्छी फसल के लिए देवी-देवताओं से प्रार्थना की।*



**विविध स्पर्धाओं का किया आयोजन**

हरेली के अवसर पर पारंपरिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। रस्सीकूद, फुगड़ी, जैसे खेलों ने पुरानी यादें ताजा कर दीं। हालांकि, इन सबमें सबसे ज्यादा रोमांच गेड़ी दौड़ में देखने को मिला। गेड़ी पर चढ़कर दौड़ लगाते युवा एक-दूसरे को पछाड़ने की होड़ में लगे थे, जिससे दर्शकों में भी खूब उत्साह देखने को मिला। गेड़ी दौड़ की परंपरा न केवल मनोरंजन का साधन है, बल्कि यह शारीरिक संतुलन और कौशल का भी प्रदर्शन करती है।

**किसानों ने की हल और औजारों की पूजा**

हरेली का पर्व मुख्य रूप से कृषि से जुड़ा है। इस दिन किसान अपने कृषि औजारों, हल, फावड़ा, रापा आदि की साफ-सफाई कर उनकी पूजा करते हैं। मान्यता है कि ऐसा करने से कृषि कार्य में समृद्धि आती है। धरसींवा अंचल के किसानों ने भी पूरी श्रद्धा के साथ अपने औजारों की पूजा-अर्चना की और आने वाली फसल के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

**कुरूद सिलयारी पंचायत में महिलाएं सम्मानित**

हरेली तिहार का उत्सव ग्राम पंचायत कुरूद सिलयारी में धूमधाम से मनाया गया। आयोजन की मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य एवं स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की सभापति श्रीमती सरोज चंदवंशी रहीं, जिनकी गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हरेली तिहार के इस विशेष अवसर पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रीमती चंदवंशी ने स्वयं सहभागिता की और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की प्रमुख रुखमनी साहू, समस्त पंचगण, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएँ, महिला समूह की सदस्यएँ और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**पारंपरिक वेशभूषा में निकली शोभायात्रा**

सुबह से ही हरेली के उत्सव का माहौल बनने लगा था। कई गांवों में महिलाओं ने रंगबिरंगी पारंपरिक साड़ियों में सजकर शोभायात्राएं निकालीं। इन यात्राओं में छत्तीसगढ़ी लोक गीतों की धुनें गूंज रही थीं, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासमय हो गया था। महिलाएं अपने सिर पर टोकरियों में पारंपरिक पकवान और पूजन सामग्री लिए हुए थीं, जो इस पर्व की एक विशेष पहचान है।

## हरेली पर कृषि यंत्रों व औजारों की पूजा की और मांगी समृद्धि



**तिल्दा-नेवरा।** छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरेली अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर किसानों ने कृषि यंत्रों, हल, गैंती, रांपा, कुदाल, फावड़ें आदि को धोकर उनकी पूजा की और भोग के रूप में छत्तीसगढ़ी व्यंजन चढ़ाया गया। तो वहीं गौमाता की पूजा-अर्चना कर बीमारी से बचाने उन्हें बगरंडा का पत्ता और जड़ी खिलाया गया।

इस अवसर पर किसानों ने अपने ग्राम देवता और कुल देवी-देवता की पूजन कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद भी लिया। एक ओर हरेली के मौकें पर किसानों ने धरती माता और प्रकृति की पूजा-अर्चना कर अच्छा फसल होने के लिए कामना की। वहीं दूसरी ओर हरियाली के प्रतीक हरेली पर ग्रामीण पर्यावरण को बचाने का संदेश देते हुए प्रकृति के प्रति आभार प्रगट किए। सुबह के समय लोहार जाति के लोगों द्वारा घर के चौखट में कील ठोंका गया ताकि नकारात्मक शक्ति घर में न आ सके।

इसी प्रकार राऊत जाति के लोग घर के दरवाजे पर नीम पत्ते का डाल लटकाए ताकि लोग सुरक्षित रहे और घर में कोई बीमारी और बुरा शक्ति का प्रवेश न हो सके। इधर, दिन भर बच्चों ने बांस से बने गेड़ी का आनंद भी उठाए। बच्चों का दल टोली बनाकर खूब उछलकूद करते नजर आए तो वहीं हरेक घर में चीला, चौंसेला, गुलगुल भजिया, ठेठरी, खुरमी, अइरसा जैसे कई प्रकार के छत्तीसगढ़ी पकवान भी बनाए गए थे। इस अवसर पर क्षेत्र के कई गांवों में गेड़ी दौड़, नारियल फेक, बैल दौड़ सहित विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया।

## हरेली पर गेड़ी, कबड्डी एवं फुगड़ी स्पर्धाएं हुईं



**चंदखुरी।** ग्राम पंचायत दरबा में छत्तीसगढ़ के लोक पर्व हरेली त्योहार को बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया हरेली का पर्व छत्तीसगढ़ के किसानो को समर्पित पर्व है। हरेली पर्व में किसान अपने कृषि औजार रापा कूद्राली नागर बैल भैसा ट्रैक्टर कृषि सामग्री का विधि विधान से पूजा अर्चना कर हरेली पर्व को मनाते हैं। तथा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक गतिविधियो का आयोजन कर उत्सव को सेलिब्रेट करते हैं। उसी कड़ी में कबड्डी प्रतियोगिता गेड़ी प्रतियोगिता फुगड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे पूरे गांव के खिलाडी भाग लेकर हरेली पर्व 2025 को मनाया जिसमे ग्राम पंचायत दरबा के सरपंच श्री संजय टंडन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। तथा ग्राम पंचायत दरबा उप सरपंच नमित यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। अतिथि के रूप में गन्नू टंडन ,बलदेव ढीढ़ी ,दिलीप ध्रुव ,गणेश ध्रुव ,महेंद साहू ,धनेश्वर साहू ,धनशिंग धीवर ,देवा साहू संजीव तिवारी आदि उपस्थित रहे।


## हरेली पर बच्चों ने गेड़ी चढ़ने का लिया आनंद



**तरपोंगी।** छत्तीसगढ़ का पारम्परिक त्यौहार हरेली अंचल में उल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर किसानो द्वारा कृषि यंत्रो तथा इष्ट देव की पूजा किया गया। बच्चों ने गेड़ी खेल का आनन्द लिया। हरेली सावन महीने में मनाया जाने वाला प्रमुख त्यौहार है।कृषि कार्य में ब्यस्त किसान धान की बोवाई तथा ब्यासी होने की खुशी में अपने कृषि औजारो हल,रापा,कुदाली आदि की विधि विधान से पूजा किये। गांवों में पौनी का काम करने वाला लोहार घर घर जाकर चौखटो पर कील ठोका।पशु चरवाहा राउत जाती के लोग सामूहिक रूप से घरो के दरवाजो पर नीम की डालियां लगा कर किसानो की सुखी एवं समृद्धि की कामना की। नीम की गुणकारी महत्व से घरो में फैलने वाले रोगों से छुटकारा मिलता है। पशुओ को गेहू आटा की लोई नमक के साथ खिलाया गया। इस ख़ुशी में तरह तरह के पारम्परिक ब्यंजन बनाया गया। हरेली की परम्परा गत त्यौहार पूजा अर्चना के बाद गेड़ी का मजा लिया गया।

## हरेली पर्व पर कृषि यंत्रों व औजारों की पूजा की

**आरंग।** हरेली पर्व के पावन अवसर पर जहाँ गांव-घर में हरियाली और परंपरा का उल्लास छाया रहा, वहीं इस बार घर के नन्हें बच्चों ने भी अपने माता-पिता के साथ मिलकर कृषि औजारों की विधिवत पूजा कर पर्व की गरिमा को और भी बढ़ा दिया। बच्चों ने खुद अपने छोटे-छोटे हाथों से लकड़ी के हल, फावड़ा, कुदाल व अन्य उपकरणों की सफाई कर उन पर हल्दी, चावल और फूल अर्पित किए। बच्चों की इस भागीदारी ने परिवार में एक नई ऊर्जा का संचार



किया। बुजुर्गों ने बताया कि हरेली केवल किसानों का पर्व नहीं, बल्कि यह प्रकृति, श्रम और परंपरा के प्रति सम्मान प्रकट करने का दिन है, जिसे अगली पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। बच्चों में पर्व को लेकर इतनी उत्सुकता रही कि उन्होंने पेड़-पौधों को भी जल देकर उनकी रक्षा का संकल्प लिया। इस सम्बंध में जनपद पंचायत आरंग के पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा पिंटू कुर्रे ने कहा कि जब बच्चे अपनी संस्कृति से जुड़ेंगे, तभी गांव और पर्यावरण का भविष्य भी सुरक्षित रहेगा। इस अवसर पर कई घरों में बच्चों को खास व्यंजन जैसे चीला, फरा और ठेठरी खिला कर उत्सव का आनंद दोगुना किया गया।

# रुद्राक्ष के दर्शन मात्र से पाप नष्ट हो जाते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम बोरिया कला में चल रहे चातुर्मास प्रवचन माला के क्रम को गति देते हुए शिव पुराण की दिव्य अमृतमयी कथा का व्याख्यान करते हुए शंकराचार्य आश्रम के प्रभारी डॉ. इन्दुभवानन्द महाराज ने बताया कि रुद्राक्ष के दर्शन करने मात्र से समस्त पाप नष्ट हो जाते हैं। भगवान शंकर के नेत्र से रुद्राक्ष की उत्पत्ति मानी जाती है। पूर्व काल की बात है कि एक बार भगवान शिव दिव्य हजारों वर्ष तक तपस्या में संलग्न थे, तपस्या करते हुए उनके मन में क्षोभ उत्पन्न हुआ और क्षोभ के कारण उनकी दोंनों आंखों से आंसू निकले, उन आंसुओं से रुद्राक्ष की उत्पत्ति मानी जाती



है। अतः रुद्राक्ष भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है। जो व्यक्ति रुद्राक्ष धारण करता है, भगवान शिव पर उस पर अत्यंत प्रसन्न हो जाते हैं। भोग और मोक्ष को चाहने वाले, पार्वती व शिव की प्रसन्नता को प्राप्त करने वाले लोगों को अवश्य ही रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। प्रत्येक प्राणी को रुद्राक्ष की विधिवत पूर्ण पूजन व अभिमंत्रित करके ही रुद्राक्ष धारण करना चाहिए। रुद्राक्ष की माला जिसके गले में रहती है उसको भूत-प्रेत पिशाच डाकिनी शाकिनी तथा अन्य द्रोह करने उसके पास नहीं आते और , अभिचारादि(जादू-टोना) का प्रयोग भी रुद्राक्ष धारण करने वाले व्यक्ति पर प्रभावित नहीं करता है, अतः सभी वर्णों के लोगों को रुद्राक्ष अवश्य धारण करना चाहिए।

**आरती हुई संपन्न**

कथा के पूर्व श्री जगतगुरु शंकराचार्य आश्रम के वैदिक विद्वानों ने तथा जगद्गुरुकुलम् के बटुकों ने मंगलाचरणपूर्वक आरती संपन्न कराई। तत्पश्चात स्वामी जी महाराज ने उपस्थित जनसमुदाय को शिव पुराण की दिव्य अमृतमयी कथा सुनाई।

# सोच फाउंडेशन ने हरेली पर्व पर किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

हरेली पर्व, हरियाली और प्रकृति से जुड़ाव का प्रतीक है। इस पावन अवसर पर सोच फाउंडेशन 'एक उड़ान आशा की ओर' द्वारा नया रायपुर क्षेत्र में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की विशेषता रही संस्था की संरक्षक आशा पात्रे का प्रेरक मार्गदर्शन। उन्होंने आगे कहा कि हरेली केवल परंपरा नहीं, यह प्रकृति से आत्मिक जुड़ाव का पर्व है। सोच फाउंडेशन समाज के लिए, पर्यावरण के लिए और हर उस जीवन के लिए काम कर रही है जिसे संवारा जा सके। एक पेड़ लगाने से



न सिर्फ हरियाली बढ़ती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हम जीवन की सांसें बोते हैं।/"उन्होंनेआगे कहा कि /"सोच फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है, जो नया रायपुर सहित आस-पास के क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर कार्य कर रही है। हमारा उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच और स्थायी विकास को बढ़ावा देना है। आज का वृक्षारोपण भी इसी दिशा में एक छोटा लेकिन सार्थक प्रयास है। सम्पन्न कार्यक्रम में संरक्षक आशा पात्रे, अध्यक्ष मनजीत कौर, महासचिव नवदीप कौर, कोषाध्यक्ष नीलम जोशी, उपाध्यक्ष मंजू नेताम, सहसचिव मधु सिन्हा, चांदनी टंडन, खुशी पटेल, अर्चना चावरे, कुसुम, सोनाली, धनेश्वरी मोनी दास, चिंकी तथा अन्य महिलाएं शामिल हुई। सभी प्रतिभागियों ने 'एक पेड़ माँ के नाम' थीम के तहत वृक्षारोपण कर उनकी सुरक्षा का संकल्प लिया। समापन पर आशा पात्रे ने सबको पर्यावरण मित्र बनने की अपील करते हुए कहा कि अगर हर इंसान एक वृक्ष को अपना परिवार माने, तो पृथ्वी फिर से हरी हो जाएगी।

## उल्बा में हरेली पर्व पर किया पौधारोपण



**अभनपुर।** ग्राम उल्बा में शीतला परिसर मे वृहद वृक्षारोपण कर हरेली त्यौहार मनाया गया। ग्रामीणो द्वारा हरेली त्यौहार को सार्थक बनाने के उद्देश्य से अभियान चलाकर वृक्षारोपण किया गया। सरपंच नेहरू लाल साहू ने ग्रामीणो को मोर गांव मोर जल अभियान के माध्यम से जल संरक्षण का विस्तृत जानकारी दी व अपील करते हुए कहा सरकार के द्वारा वृक्षारोपण महाअभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत देश के प्रधानमंत्री ने एक पर मां के नाम लगाने का अपील किया है। जिसे हम सब संकल्प लेकर वृक्षारोपण महा अभियान का हिस्सा बनकर पर्यावरण को संरक्षित,संतुलित करने में अपना योगदान प्रदान करें। एक पेड़ की छांव एवं उनसे प्राप्त होने वाले शुद्ध हवा तथा अन्य चीजें हमारे कई पीढियां को प्रदान करता है। इस दौरान उप सरपंच सुशीला सोनवानी , सचिव रेशम कोशले, चैतराम सपहा, अंबिका कोसले, भुवनेश्वरी तारक, ओमेश्वरी तारक, गायत्री तारक,मोगरा ध्रुव, बृजेश पांडे,दमयंती साहू, अनीता पांडे, लीला साहू, नर्मदा साहू, रविंद्र तारक व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कुरुद सिलयारी में हरेली पर किया पौधारोपण

**सिलयारी।** छत्तीसगढ की प्रथम तिहार हरेली तिहार कि खुशी पूरे प्रदेश में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जा रहा है वही धरसिवा अंतर्गत ग्राम पंचायत कुरूद सिलयारी में भी आज हरेली तिहार उत्सव व एक पेड़ माँ के नाम पर वृक्षारोपण किया गया जिसमें गांव सरपंच श्रीमती रुखमनी साहू एवं समस्त पंच गण वा आँगन बाड़ी, वा महिला समुह और मुख्य अतिथि ( जिला पंचायत सदस्य, वा सभा पति स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति सरोज चंद्रवनशि) उपस्थित रहे वही सभा पति महोदया द्वारा सभी महिलाओं को सम्मानित किया गया और सावन पर्व की गीत संगीत वा अनेक पारंपरिक नृत्य कर के इस हरेली तिहार को बड़े धूमधाम से मनाया गया।

## नीम का पौधा लगाकर पीपला ने मनाई हरेली

**आरंग।** गुरूवार को स्वयंसेवी संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने हरेली के अवसर पर कलई रोड आरंग में स्थित मैदान में नीम रोपित कर हरियाली की शुभकामनाएं दिए हैं। फाऊंडेशन के सदस्यों का कहना छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरेली प्रकृति से जुड़ा है। श्रावण माह के अमावस्या तिथि को यह पर्व पूरे प्रदेश भर में हर्षोल्लास से मनाया जाता है। इस समय धरती में सभी ओर हरियाली छाई रहती है। वहीं औषधि पौधे नीम के डाल सभी घर के दरवाजे पर लगाया जाता है। जिससे नकारात्मक शक्ति दूर होती है। इसलिए



फाउंडेशन के द्वारा हरेली के दिन नीम के पौधे रोपित किया जाता है। ज्ञात हो यह संस्था पौधारोपण व संरक्षण को लेकर नगर में लगाकर काम कर रहें हैं। जिसकी सर्वत्र चर्चा व सराहना होती रही है

## खमतराई में बच्चों ने मां के साथ किया पौधारोपण

**आरंग।** जिला कलेक्टर रायपुर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देशानुसार हरियर स्कूल योजना अंतर्गत खमतराई संकुल अंतर्गत गुखेरा, कलई, भोथली एवं खमतराई में स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान से प्रेरित होते हुए विद्यार्थियों ने अपनी अपनी माता के साथ मिलकर जमकर वृक्षारोपण किया।



वही स्कूल परिसर में आम, नीम, मूनगा, कटहल, सिंदूर, चिराई जाम, गुलमोहर, आंवला, मोगरा, अशोक, सीताफल, अमरूद आदि एवं सजावटी पौधों का भी रोपण किया गया है। संकुल समन्वयक हरीश दीवान ने बताया कि उच्च कार्यालय के निर्देशानुसार फोटो अपलोड एवं सर्टिफिकेट का भी कार्य किया गया है तथा हजार से भी अधिक पेड़ लगाए गए है वही प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला गुखेरा में दो दिन तक इस अभियान को चलाया गया एवं माताओ के साथ-साथ सरपंच रेवती पुरुषोत्तम सोनवानी, पंचगण को भी आमंत्रित कर पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण जागृती का संदेश दिया गया। इस अवसर पर द्वय प्रधान पाठकगण अरविंद वैष्णव व केके साहू एवं शिक्षकगण राम नारायण कन्नौजे, घनश्याम साहू, नोहर लाल यादव, विमला चौहान, फातिमा जांगड़े आदि की सहभागिता रही।

**खबर संक्षेप**



### इग्नू के लिए पंजीकरण अब जुलाई अंत तक

**रायपुर।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने शिक्षार्थियों की सुविधा के लिए नए प्रवेश और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक बढ़ा दी है। विश्वविद्यालय ने घोषणा की है कि मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा के साथ-साथ ऑनलाइन माध्यम से प्रदान किए जाने वाले स्नातक, स्नातकोत्तर, प्रमाणपत्र, डिप्लोमा और स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रमों में प्रवेश जुलाई अंत तक खुले हैं। इच्छुक उम्मीदवार आधिकारिक प्रवेश पोर्टल https://ignouadmission.samarth.edu.in के माध्यम से एक यूजर आईडी और पासवर्ड बनाने और एक सक्रिय मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी, स्कैन किए गए शैक्षणिक दस्तावेज़, फोटोग्राफ और ऑनलाइन भुगतान सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के बाद आवेदन कर सकते हैं।

जरूरी है आईडी बनाना

प्रवेश प्रक्रिया शुरू करने से पहले सभी आवेदकों के लिए अपनी डीईबी आईडी बनाना अनिवार्य है। डीईबी आईडी बनाने के लिए विस्तृत दिशा-निर्देश वेबसाइट पर अपलोड कर दिए गए हैं। इग्नू ने लगभग 60 नए कार्यक्रमों की शुरुआत की भी घोषणा की है, जिनमें वाणिज्य, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, लोक प्रशासन, समाजशास्त्र, मानव विज्ञान, हिंदी, संस्कृत, उर्दू, समाज कार्य, दर्शनशास्त्र, जैव रसायन और सुविधा एवं सेवा प्रबंधन जैसे विषयों में चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम शामिल हैं।

### 90 केंद्रों में होगी आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल व्यापम रायपुर द्वारा आयोजित आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन 27 जुलाई को किया जाएगा। जिले में परीक्षा के लिए 90 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। नई व्यवस्था के अंतर्गत परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व केन्द्र में पहुंचने कहा गया है। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा आने निर्देश व्यापम द्वारा जारी किए गए हैं।

### लोकसभा में बृजमोहन ने उठाया एमएसएमई का मुद्दा

**रायपुर।** रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने संसद में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को लेकर एक अहम मुद्दा उठाया। उन्होंने सार्वजनिक खरीदी नीति के अंतर्गत एमएसएमई को मिलने वाले अवसरों, नीतियों के क्रियान्वयन की स्थिति और पारदर्शी प्रक्रिया की दिशा में गंभीर सवाल उठाए। श्री अग्रवाल ने संसद में केंद्र सरकार से पूछा, पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय मंत्रालयों, विभागों और केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा एमएसएमई से कितनी खरीदी की गई है। इसके साथ ही उन्होंने देशभर में पंजीकृत एमएसएमई की संख्या, तथा छत्तीसगढ़ सहित सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में इन उद्यमों की स्थिति की जानकारी मांगी।

### राज्य स्तरीय उद्यमी सम्मेलन कल, उद्योग मंत्री होंगे शामिल

**रायपुर।** राज्य स्तरीय उद्यमी सम्मेलन का आयोजन 26 जुलाई को रायपुर में किया जा रहा है। लघु उद्योग भारती छत्तीसगढ़ और उद्योग विभाग के संयुक्त तत्वावधान में यह सम्मेलन एवं वार्षिक बैठक स्थानीय जेल रोड स्थित होटल सेलिब्रेशन में दोपहर 2.30 बजे से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम में राज्यभर के उद्यमी शामिल होंगे। राज्य स्तरीय उद्यमी सम्मेलन एवं वार्षिक बैठक में उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम के सीएसआईडीसी के चेयरमैन राजीव अग्रवाल विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता एवं विशेष अतिथि के रूप में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रकाश चंद शामिल होंगे। यह सम्मेलन उद्यमियों के बीच नेटवर्किंग का अवसर प्रदान करेगा।

# भूपेश बोले- मेरे परिवार को जेल भेजने वालों की सरकार चली जाती है
# रमन का पलटवार- सरकार आती-जाती रहती है, श्राप से क्या होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल पर ईडी की कार्रवाई को लेकर प्रदेश में सियासत जारी है। गुरुवार को श्री बघेल ने हरेली कार्यक्रम के मौके पर एक बार फिर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा, मेरे परिवार को जेल भेजने वालों की सरकार चली जाती है। इस मामले में पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भी तगड़ा पलटवार किया। उन्होंने कहा, सरकार आती-जाती रहती है, किसी के श्राप देने से क्या होता है। भ्रष्टाचार करने वालों का फैसला न्यायालय करता है। शराब घोटाले के मामले में ईडी ने भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को गिरफ्तार किया है। अब उनको न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में लगातार भाजपा और कांग्रेस के बीच सियासी जंग और बयानबाजी चल रही है।





### रमन ने मुझे जेल भेजा तो सरकार गई

भूपेश बघेल ने कहा, मेरे पिता को जोगी सरकार ने जेल भेजा था तो वो सरकार चली गई। इसके बाद प्रदेश में डॉ. रमन सिंह की सरकार के समय मुझे रमन सिंह ने जेल भेजा, उनकी सरकार भी गई। अब केंद्र की मोदी सरकार ने मेरे बेटे चैतन्य को जेल भेजा है। ये सिलसिला अब भी जारी रहेगा, लेकिन यह तय है कि सत्ता में बैठे लोग ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं और जनता से अपील की कि लड़ाई रो-रोकर नहीं, बल्कि हिम्मत और रणनीति से लड़नी है। हम डरने वालों में से नहीं हैं। हमें मिलकर साजिशों का जवाब देना है और लोकतंत्र को बचाना है।

### भ्रष्टाचार का सही फैसला न्यायालय करेगा : रमन

पूर्व सीएम भूपेश बघेल के बयान पर पलटवार करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, सरकार आती -जाती रहती है किसी के श्राप से क्या होता है, उसका उदाहरण नहीं देना चाहता, लेकिन यह तय है जो भ्रष्टाचार करेगा उसका न्यायालय सही फैसला करेगा।

## मोना सेन को पदभार के लिए करना पड़ेगा इंतजार

# आज संदीप भी संभाल लेंगे पदभार केश शिल्पी बोर्ड का पेंच नहीं सुलझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश सरकार ने जिन निगम, मंडल, आयोग और बोर्ड में नियुक्ति की है, उनमें से ज्यादातर ने पदभार संभाल लिया है। आधा दर्जन पदों पर पेंच फंसा था, इनमें से चार नेताओं की कुर्सी बदलकर दूसरे निगम, मंडल में स्थान दिया गया। दो में पेंच बचा हुआ था, अब एक और आयोग का पेंच सुलझ गया है और राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष बनाए गए संदीप शर्मा भी शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लेंगे। राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड का पेंच अब भी फंसा हुआ है, ऐसे में इसकी अध्यक्ष मोना सेन को अभी पदभार के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा।

प्रदेश सरकार ने जिन निगम- मंडल, आयोग में पेंच फंसा हुआ था, उसका समाधान करते हुए मई में अध्यक्ष और उपाध्यक्षों को नए आयोग और बोर्ड में नियुक्ति दे दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के अध्यक्ष बनाए गए केदारनाथ गुप्ता को अध्यक्ष राज्य सहकारी बैंक मर्यादित (अपेक्स बैंक) बनाया गया था।

इसी के साथ समाज कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष बनाई गई शालिनी राजपूत को अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ हस्तशिल्प विकास बोर्ड, समाज कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्ष चंद्रक्रांति वर्मा को उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग और वित्त आयोग के अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी को अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड बनाया गया। इन सबका पदभार भी हो गया है।







### संदीप शर्मा को करना पड़ा चार माह इंतजार

जिन दो आयोगों में अब भी पेंच फंसा हुआ है, उनमें राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष बनाए गए संदीप शर्मा को चार माह तक इंतजार करना पड़ा। पुराने अध्यक्ष का कार्यकाल जुलाई तक था, अब जुलाई में इनका कार्यकाल पूरा होने के बाद संदीप शर्मा का शुक्रवार को पदभार हो रहा है। श्री शर्मा को पदभार संभालने के लिए करीब चार तक इंतजार करना पड़ा। श्री शर्मा के पदभार में भी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित प्रदेश सरकार के कई मंत्री और भाजपा नेता शामिल होंगे।

### तीन विभाग केंद्र में मर्ज

जिन निगम, मंडल आयोग में पेंच फंसा हुआ था, उनमें से छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध महासंघ को नेशनल डेयरी बोर्ड में मर्ज कर दिया गया है। इसी तरह से समाज कल्याण बोर्ड को भी केंद्र सरकार में मर्ज कर दिया गया है। इसके अलावा वित्त विभाग भी केंद्र सरकार में मर्ज है। इनमें राज्य से नियुक्ति नहीं हो सकती, लेकिन पहले नियुक्ति कर दी गई थी, अब इसको सुधार लिया गया है।

### केश शिल्पी कल्याण बोर्ड अध्यक्ष का इंतजार लंबा

राज्य केश शिल्पी कल्याण बोर्ड की अध्यक्ष मोना सेन का इंतजार अभी लंबा है। उनके बोर्ड के कांग्रेस शासनकाल के अध्यक्ष ने स्टे ले रखा है। उनका कार्यकाल पूरा होने के बाद ही नए अध्यक्ष का पदभार होगा। पुराने अध्यक्ष का कार्यकाल इस साल के अंत में समाप्त होगा।

# राजस्व मंत्री टंकराम के निवास पर मची हरेली की धूम

## सीएम, स्पीकर समेत मंत्री-महापौर भी हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और कृषि परंपरा से जुड़े पर्व हरेली के अवसर पर राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निवास कार्यालय में पारंपरिक उल्लास और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया, साथ ही गौरी-गणेश, नवग्रहों और कृषि यंत्रों की विधिवत पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री द्वय अरुण साव और विजय शर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, रायपुर की महापौर मीनल चौबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हरेली पर्व छत्तीसगढ़ की जीवनशैली, मेहनतकश किसानों की आस्था और प्रकृति के प्रति सम्मान का प्रतीक है। हमारी सरकार किसानों के कल्याण, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के उत्थान और पारंपरिक मूल्यों को संरक्षित रखने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बच्चों में गेड़ी जैसी



पारंपरिक विधाओं के प्रति आकर्षण बनाए रखना हमारी सांस्कृतिक विरासत की रक्षा है। हमें चाहिए कि हम ऐसे पर्वों के माध्यम से अपनी नई पीढ़ी को भी छत्तीसगढ़ी संस्कृति से जोड़ें। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि हरेली पर्व किसान, खेत-खलिहान और गोधन की पूजा का पर्व है। मान्यता है कि आज के दिन शिव-पार्वती स्वयं भू-लोक में आकर किसानों की खेती-किसानी को देखने आते हैं। हरेली से ही छत्तीसगढ़ में त्योहारों की श्रृंखला की शुरुआत होती है। उपमुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ की आत्मा से जुड़ा पर्व है। यह हमारी धरती, परिश्रम और परंपरा के प्रति सम्मान का प्रतीक है। यह पर्व हमारे किसानों की आस्था और प्रकृति के साथ उनके गहरे संबंध को दर्शाता है।

# छत्तीसगढ़ की मिट्टी से जुड़ा त्योहार भूपेश बोले- हरेली हमारी आत्मा

## पूर्व सीएम भूपेश बघेल के निवास पर मनाया हरेली तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पर्व हरेली तिहार पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूरी पारंपरिक छवि के साथ इसे मनाया। अपने निवास पर उन्होंने हल, बैलगाड़ी और कृषि उपकरणों की विधिपूर्वक पूजा की, साथ ही गेड़ी चढ़कर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उनका पूरा परिवार भी इस अवसर पर मौजूद रहा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने गोठानों को बंद करने की कथित कोशिशों को लेकर भी बीजेपी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा बीजेपी एक ओर गाय के नाम पर राजनीति करती है, दूसरी ओर गोठानों को खत्म करने में जुटी है। महिलाओं को जमीन खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं और वहां सामुदायिक भवन बनाने की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने कहा, गोठान केवल पशुधन के लिए नहीं, बल्कि महिला स्व सहायता समूहों की आय का भी आधार हैं। ऐसे फैसले ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रहार हैं।





### हरेली हमारी पहचान

भूपेश बघेल ने गेड़ी चढ़ते हुए ग्रामीण संस्कृति को सम्मान देने का संदेश दिया। उन्होंने कहा हरेली सिर्फ त्योहार नहीं, हमारी पहचान है। यह हमारी कृषि परंपरा और ग्रामीण जीवन की आत्मा है। हमें इसे हर हाल में संजोकर रखना होगा। खेती किसानी से जुड़े इस त्योहार के दौरान सरकार की दुर्भावना के कारण आज प्रदेश के किसान खाद की किल्लत से जूझ रहे हैं।

# लगातार हो रही बारिश, किसानों ने शुरू की धान की रोपाई

**प्रदेश में लक्ष्य का 90 प्रतिशत से अधिक धान की बोनी पूरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से किसानों ने अपनी खेती की ओर ध्यान देना शुरू कर दिया है। खेतों में धान की रोपाई का काम तेजी से चल रहा है, विशेषकर मध्यम और देर से पकने वाली किस्मों की रोपाई जुलाई के पहले सप्ताह तक पूरी करने का लक्ष्य है, जबकि जल्दी पकने वाली किस्मों की रोपाई दूसरे सप्ताह तक की जा सकती है। जहां पर किसानों ने बोता पद्धति से बोनी की है, वहां पिछले दिनों हुई बारिश के बाद बोता खेत में बियासी व चलाई का काम शुरू हो गया है।

कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि जिलों 40 प्रतिशत से अधिक रोपाई का काम पूरा हो गया है। आने वाले दिनों में अच्छी बारिश के बाद बियासी के कार्य में और तेजी आएगी। अधिकारियों ने बताया कि दुर्ग, राजनांदगांव, रायपुर, धमतरी, बलौदाबाजार, बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, मनेंद्रगढ़, सहित कई अन्य जिलों में 50 प्रतिशत तक धान की रोपाई पूरी हो चुकी है। लगभग 40 लाख हेक्टेयर में धान की फसल राज्य के हर जिले में ली जा रही है। अब तक सभी जिलों को मिलाकर 92 प्रतिशत से अधिक स्थानों पर धान की बोनी हो चुकी है। किसान अब रोपाई और बियासी की तैयारी में लगे हुए हैं। डीएपी खाद की कमी के कारण कई जिलों में शुरुआत में किसानों ने बोनी देर से की। अब इसके विकल्प और नैनो खाद उपलब्ध होने के बाद बुआई तेज हो गई है।



### 75 प्रतिशत बोनी पूरी

राज्य में अब तक 41.42 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में धान, मक्का, कोदो, कुटकी, अरहर, मूंग, मूंगफली, रामतिल सहित विभिन्न फसलों की बोनी हो चुकी है, जो लक्ष्य का 75 प्रतिशत है। इस खरीफ सीजन में राज्य सरकार ने 48.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा है।


### अब तक औसत 500 मिमी बारिश

छत्तीसगढ़ में अब तक 500 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। प्रदेश में अब तक बलरामपुर जिले में सर्वाधिक 783 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 271.7 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।सरगुजा संभाग में इस बार अच्छी बारिश हुई है। यहां पर सूरजपुर में सबसे अधिक 613 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में सबसे अधिक बारिश हुई है। यहां पर 480 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में रायगढ़ जिले में सबसे अधिक बारिश हुई यहां 633.5 मिमी रिकार्ड बारिश हुई। दुर्ग संभाग के मोहला-मानपुर-अंबागढ़-चौकी में सर्वाधिक 605.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। बस्तर संभाग में बीजापुर में सबसे अधिक 608 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

# नया रायपुर क्षेत्र में नगर विकास योजना के तहत कौशल्या विहार की तर्ज पर बनेगा नया विहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण (एनआरडीए) नवा रायपुर क्षेत्र में नगर विकास योजना अंतर्गत कौशल्या विहार की तर्ज पर एक और स्मॉल स्मार्ट शहर बसाने संबंधी प्रोजेक्ट पर तैयारी कर रहा है। इस प्रोजेक्ट का नाम नया विहार बताया जा रहा है। इसके लिए एनआरडीए रायपुर और आरंग क्षेत्र से लगे आधा दर्जन ग्रामों की लगभग 436 हेक्टेयर भूमि चिन्हांकित की गई है। इसमें शासकीय भूमि के साथ कई निजी भूमि भी शामिल है, जिसे अधिग्रहण किया जाएगा। एनआरडीए ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी से पहले अधिसूचना जारी कर दावा-आपत्ति के साथ सुझाव भी मंगाए गए थे, जिसका समय खत्म हो चुका है। अब तक जितनी दावा-आपत्ति आई है, उनका परीक्षण कर निराकरण किया जा रहा है। इसके बाद इस योजना के प्रारूप को अंतिम मंजूरी दी जाएगी।



### अधिसूचना मई में जारी

एनआरडीए नगर विकास योजना के तहत लाए गए प्रारूप से संबंधित अधिसूचना 19 मई 2025 को जारी कर चुका है। इस अधिसूचना के बाद अब इस प्रारूप पर अंतिम मुहर लगाने के लिए सप्ताहभर पहले दावा-आपत्तियां एवं सुझाव मंगाए गए थे। इसके लिए एनआरडीए नवा रायपुर, जिला कलेक्टर के एडीएम कक्ष के बाहर तथा नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय रायपुर में शासकीय कार्यालयों में इस योजना से संबंधित प्रति भी चस्पा की गई है। सूत्रों के अनुसार 70 से 80 दावा-आपत्ति एवं सुझाव आए हैं, जिनका परीक्षण किया जा रहा है।

### इन ग्रामों को किया गया शामिल

प्रस्तावित योजना में ग्राम बरौंदा, रमचंडी, रीको, मंदिरहसौद, सेरीखेड़ी और नकटी जैसे गांवों की भूमि को शामिल कर योजना का दायरा निर्धारित किया गया है। ये सभी गांव रायपुर एवं आरंग तहसील क्षेत्र से लगे हुए हैं।

### सुनवाई का मिलेगा अवसर

इस योजना से प्रभावित होने वाले लोगों की दावा-आपत्ति पर जरूरत पड़ने पर सुनवाई का अवसर भी मिलेगा। सुनवाई के लिए एनआरडीए जल्द ही सूचना जारी करेगा। सूत्रों के अनुसार सुनवाई के लिए समिति बनेगी जो दावा-आपत्तियों पर सुनवाई कर इसका निराकरण करेगी।

### इस प्रोजेक्ट से रायपुर से नया रायपुर के बीच बढ़ेंगी सुविधाएं

कमल विहार की तर्ज पर इस प्रोजेक्ट को लाया गया है। इससे ग्रामीण क्षेत्र भी स्मार्ट शहर के रूप में डेवलप होगा। एनआरडीए के इस प्रोजेक्ट से रायपुर और नया रायपुर के बीच सुविधाएं बढ़ेंगी।

**- विनीत नायर**
संयुक्त संचालक,नगर तथा ग्राम निवेष विभाग रायपुर

# संभाग कमिश्नर ने अस्वीकार की राज्य वक्फ बोर्ड की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के नयापारा स्थित खसरा नंबर 649 रकबा 4.62 की भूमि को लेकर नगर निगम रायपुर और छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के बीच चल रहे संपत्ति विवाद को लेकर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने वक्फ बोर्ड की अपील को अस्वीकार कर दिया है।

### वक्फ बोर्ड ने भूमि को उनके नाम पर दर्ज करने निगम से की थी मांग

नगर निगम और वक्फ बोर्ड के बीच इस भूमि को लेकर विवाद तब शुरू हुआ था, जब बोर्ड ने नजूल अधिकारी रायपुर को आवेदन देकर इस संपत्ति को नजूल अभिलेखों में छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड के नाम दर्ज करने की मांग की थी। इसके बाद इस प्रकरण पर ईश्तहार जारी किया था, लेकिन किसी ने आपत्ति नहीं की, लेकिन निगम इस पर बाद में आपत्ति दर्ज कर जानकारी दी थी कि यह खसरा नंबर की भूमि वर्ष 1920-21 और 1923-24 के दस्तावेजों के आधार पर पहले महकमा पुलिस और फिर म्यूनिसिपल कमेटी रायपुर के नाम पर दर्ज है। संभागायुक्त ने 23 जुलाई को दिए अपने आदेश में यह माना कि यह संपत्ति म्यूनिसिपल कमेटी के अचल संपत्ति रजिस्टर में दर्ज है और इसके कुछ हिस्सों को विद्युत विभाग को बेचा भी गया है। दस्तावेजों में यह भी उल्लेख है कि यह संपत्ति पहले महकमा पुलिस के नाम पर थी, जो बाद में म्यूनिसिपल कमेटी रायपुर के नाम हो गई।

# तीन मंजिला शास्त्री बाजार की 84 दुकानें सालभर से खाली, अब दूसरी बार टेंडर

## ग्राउंड फ्लोर की दुकान 36 लाख रुपये, फर्स्ट फ्लोर की 30 लाख दर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित नगर निगम के तीन मंजिला नवनिर्मित शास्त्री बाजार व्यावसायिक परिसर की 84 दुकानें 1 साल से खाली पड़ी हैं। निगम ने इन दुकानों की एक पूर्व निविदा निकाली, जिसमें किसी भी दुकानदार ने भाग नहीं लिया। अब इन दुकानों की दूसरी बार निविदा निकालने की तैयारी है। इन 84 दुकानों में से ग्राउंड फ्लोर की एक-एक दुकान 36 लाख रुपए, प्रथम फ्लोर की 30 लाख और द्वितीय तल की 27 लाख रुपए तथा तृतीय तल की दुकानों की दर करीब 22 लाख रुपये रखी गई है। नियम अनुसार इन दुकानों को समाज के सभी वर्गों की भागीदारी निश्चित करने के लिए आरक्षण नियमों का पालन भी किया गया है। रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा 12 करोड़ की लागत से बनाये गये बहुमंजिला शास्त्री बाजार व्यवसायिक परिसर की 84 दुकानों को 30 साल की लीज पर देने बाजार विभाग दूसरी बार टेंडर करने जा रहा है। निगम की इन दुकानों में आरक्षण प्रक्रिया और दरों को लेकर इसे खरीदने वाले उत्साह नहीं दिखा रहे हैं। यही स्थिति पिछले कई साल से बनकर तैयार निगम की 95 दुकानों की भी है। इनके भी खरीदार नहीं मिल रहे हैं। यही नहीं, कई सालों से खाली पड़ी दुकानों को किराये पर देने भाड़ा तय नहीं हो पा रहा है। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम अपने पुराने दुकानों की किराया रिवाजन करने पर भी विचार कर रहा है। नगर निगम के बाजार विभाग ने अग्रसेन चौक, मंगलम के बाजू स्थित व्यावसायिक परिसर और गांधी मैदान कांजी हाउस व्यावसायिक परिसर मोहबाबाजार, मल्टीलेवल पार्किंग, जवाहर बाजार के दुकानों की निविदा पूर्व में निकाली थी।

### 12 करोड़ की लागत से रायपुर स्मार्ट सिटी ने कराया निर्माण



**निगम की अलग-अलग लोकेशन पर 95 दुकानें खाली**

| | |
|---|---|
| जवाहर बाजार द्वितीय व तृतीय तल | 14 हॉल, 2 दुकानें |
| मोहबा बाजार | 14 दुकानें |
| अग्रसेन मंगलम के बाजू | 9 |
| जयस्तंभ मल्टीलेवल पार्किंग | 1 हॉल तृतीय तल |
| गांधी मैदान कांजी हाउस | 55 दुकानें |

### रेट पालिसी तय करने शासन को भेजा था प्रस्ताव

विदित हो कि नगर निगम ने तत्कालीन निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के कार्यकाल में नगर निगम के दुकानों की रेट पालिसी शासन द्वारा निर्धारित करने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। इसमें इस बात का जिक्र किया गया कि निगम की बहुत सी दुकानें ऐसी हैं कि लोग लोकेशन के हिसाब से 30 साल की लीज पर लेने तैयार नहीं होते हैं, लेकिन एक या दो साल के लिए तैयार हो जाते हैं, इसलिए रेंट पालिसी में देने की योजना बनाई गई।

## खबर संक्षेप

### पुलिस अस्पताल में रक्तदान शिविर कल

**रायपुर।** कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रोटरी क्लब रायपुर एवं छत्तीसगढ़ पुलिस की ओर से 26 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर पुलिस लाइन स्थित पुलिस अस्पताल सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। क्लब अध्यक्ष उत्तम गर्ग एवं सचिव डॉ. राकेश पांडे ने बताया कि रक्तदान शिविर में प्राप्त रक्त का उपयोग थैलेसीमिया से पीड़ित बच्चों और नक्सली मुठभेड़ में घायल होने वाले वीर सिपाहियों के लिए किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर के एसएसपी लाल उम्मेद सिंह होंगे। प्रोजेक्ट चेयरमैन रिटायर्ड डीएसपी जयंत थोरात और को-चेयरमैन राजेश अग्रवाल होंगे। इसी दौरान प्रदीप गोविंद शितूत ने आम जनता से आग्रह किया है कि वे भी इस शिविर में शामिल होकर रक्तदान कर सकते हैं।

### गोवंश में रेडियम कॉलर लगाने पुलिस की मुहिम



**रायपुर।** बारिश के दिनों में गोवंश सूखी जगह की तलाश में बीच सड़क में बैठ जाते हैं, इसके चलते सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए हरेली के अवसर पर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह ने गोवंश के गले में रेडियम कॉलर लगाने मुहिम की शुरुआत की है। पुलिस ने सामाजिक संगठन के लोगों के साथ मिलकर अब तक डेढ़ हजार गोवंश के गले में रेडियम कॉलर लगाया है। आने वाले दिनों में एक हजार और गोवंश के गले में रेडियम कॉलर लगाने का संकल्प लिया है।

## निधन

### रामाधीन टंडन



**रायपुर।** इमलीडीह निवासी रामाधीन टंडन (63) का 24 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 25 जुलाई को दोपहर 12 बजे उनके पैतृक गृहग्राम पुरेना कुरूद में किया जाएगा। वे जागेश्वर बांधे के मामा थे।

### सुशीला देवी सिंघानिया



**रायपुर।** श्रीरामनगर फेस-1 शंकर नगर निवासी सुशीला देवी सिंघानिया का 24 जुलाई को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 25 जुलाई को दोपहर 3 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे पवन, राधेश्याम, कमल सिंघानिया की माता थीं।

# अब नालियों में नहीं फेंक सकेंगे कचरा, कवर्ड करने जुटा निगम

**बारिश में नालियां जाम होने की समस्या से मिलेगी निजात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर में लोग नालियों में अपने घर, दुकान का कूड़ा और अन्य तरह का कचरा नहीं फेंक सकेंगे। इसके लिए रायपुर नगर निगम शहर की नालियों को कवर्ड करने जा रहा है। इसकी शुरुआत शंकरनगर, सिविल लाइन, कचहरी चौक से अंबेडकर अस्पताल मार्ग से की जा रही है। नालियों को कवर्ड करने निगम को पंद्रहवें वित्त आयोग से 5 करोड़ की राशि प्राप्त हुई है। इंदौर भ्रमण से लौटी रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे ने शहर को साफ-सुथरा रखने की कवायद शुरू कर दी है। इंदौर जैसे महानगरों की भांति अब रायपुर शहर भी आने वाले दिनों में साफ-सुथरा नजर आयेगा। इसके लिए प्रथम चरण में 1 करोड़ रुपये खर्च कर शहर के कुछ प्रमुख मार्गों की नालियों को कवर्ड करने का कार्य शुरू किया गया है, ताकि बारिश के सीजन में नालियों में जाम कचरा ओवरफ्लो होकर गंदगी के साथ शहर की सड़क और गलियों पर न बहे।





### शहर के इन इलाकों में ड्रेन कवर लगाने का कार्य

**पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में चयनित इलाके :** माधव राव सप्रे वार्ड- रायपुरा चौक से महादेवघाट चौक तक श्रीराम ज्योतिष विज्ञान भवन के पास, ब्रेड फैक्ट्री लाइन के पास, वसुंधरा गार्डन के पास, मनसा हैंडलूम के पास, बचपन हास्पीटल के पास, जगन्नाथ हॉस्पिटल के पास, गोल चौक, विवेकानंद स्कूल के पास के मुख्य एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर लगाये जाने का कार्य।

**प्रमुख मार्ग :** कचहरी चौक से मेकाहारा हॉस्पिटल के पास महिला जेल, माता सुंदरी स्कूल तक। नमस्ते चौक से ग्लोब चौक होते हुए देवेन्द्र नगर तक। देवेन्द्र नगर से फाफाडीह चौक तक मुख्य एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर।

#### उत्तर विधानसभा क्षेत्र-

**सिविल लाइन क्षेत्र -** महिला थाना चौक के पास, शास्त्री चौक, आरटीआई आफिस के पास, छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड से आंबेडकर चौक के पास। सिरपुर भवन परिसर, पीडब्लूडी आफिस के पास, सर्किट हाउस से राजभवन में आईसीआईसीआई, चिप्स आफिस के पास, भारतीय जीवन बीमा निगम आफिस के पास, मुख्य एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर लगाये जाने का कार्य।

**शंकर नगर क्षेत्र-** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड के अशोक नगर में शहीद वीर नारायण सिंह स्कूल के पास, भगतसिंह चौक से स्पीकर हाउस तक। शंकर नगर टर्निंग पाइंट से विधानसभा मार्ग में फ्लाई ओवर तक। मुख्य मार्ग एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर लगाने का कार्य। रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में ही जल विहार कालोनी से छत्तीसगढ़ क्लब होते हुए पंचशील नगर के दोनों तरफ तक। गांधी उद्यान से सीएम हाउस गेट तक मुख्य मार्ग एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर।

#### रायपुर दक्षिण विधानसभा -

*कैलाशपुरी, टिकरापारा, मठपारा क्षेत्र अंतर्गत- विपिन बिहारी वार्ड के बजरंग सेलून, मस्जिद गली के पास, यादव भवन, शिवम चौक के पास, बजरंग चौक से शीतला चौक के पास, मुख्य एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर। चंगोराभाठा क्षेत्र के मुख्य एवं आंतरिक नाली-नाले में ड्रेन कवर लगाने का कार्य।*

#### रायपुर पश्चिम

*तात्यापारा क्षेत्र के मुख्य एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर। इसके अलावा समता कालोनी क्षेत्र, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड के समता कालोनी में पांडे नर्सिंग होम से खाटू श्याम मंदिर तक, लाइफवर्थ हास्पीटल के पास, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के पास, प्रगति कालेज से मुख्य मार्ग तक। भोजसिया डाइग्नोस्टिक के पास, दशहरा मैदान के पास, जैन मंदिर गली के पास, मुख्य मार्ग एवं आंतरिक नालों में ड्रेन कवर।*

#### चौबे कालोनी क्षेत्र-

*स्वामी आत्मानंद वार्ड - विवेकानंद गार्डन गीतानगर के पास, कोमल फैशन ब्यूटिक के पास, गायत्री मंदिर के पास, चिंताहरण हनुमान मंदिर के पास, छत्तीसगढ़ हास्पिटल के पास, जैन मंदिर करबला तालाब के पास आंतरिक नालों में ड्रेन कवर।*

# मामूली विवाद पर हत्या, पिता तथा उसके दो बेटों को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व मामूली विवाद पर हत्या के आरोप में कोर्ट ने एक पिता तथा उसके दो बेटों को आजीवन कारावास के साथ एक-एक हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने की रकम नहीं पटाने पर कोर्ट ने आरोपियों को तीन-तीन माह अतिरिक्त कैद की सजा सुनाई है। मामले की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश मधुसूदन चंद्राकर की कोर्ट में हुई है।

लोक अभियोजक विजय यादव के अनुसार मोहन सोनवानी की हत्या के आरोप में कोर्ट ने भागचंद बंजारे तथा उसके बेटे गणेश और महेश को कैद तथा जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक के अनुसार 21 अप्रैल 2024 को मोहन अपने हाथ में गुलेल रख कर भागचंद के परिवार को गाली दे रहा था। गणेश ने अपने घर से बाहर निकल कर मोहन को गाली-गलौज करने से मना किया। इस पर नाराज होकर मोहन ने अपने हाथ में रखे गुलेल में पत्थर चढ़ाकर गणेश पर वार कर दिया। गुलेल से निकला पत्थर गणेश के गाल पर लगा। इसके बाद गणेश ने घटना की जानकारी अपने भाई तथा पिता को दी। भागचंद ने अपने बेटे महेश तथा गणेश के साथ टंगिया तथा लाठी से लैस होकर मोहन पर हमला कर दिया। टांगी तथा लाठी के वार से मोहन की मौके पर ही मौत हो गई।

# शहीद कौशल यादव की पुण्यतिथि पर आज मनाएंगे शहीद दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए कौशल यादव की पुण्यतिथि के अवसर पर यादव समाज आकाशवाणी चौक रायपुर मे 25 जुलाई को शहीद दिवस के रूप में मनाएगा। वहीं छग यादव समाज के प्रांतीय अध्यक्ष सुधीर यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव, संरक्षक छग यादव समाज जगदीश प्रसाद यादव, विशिष्ट अतिथि महापौर मीनल चौबे, विधायक सुनील सोनी, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, एमआईसी सदस्य अमर गिदवानी, अध्यक्ष जोन 4 मुरली शर्मा, अध्यक्ष जोन 5 अम्बर अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष माना संजय यादव एवं संपूर्ण यादव समाज प्रमुख सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

# राष्ट्रीय युवा बैठक और शपथ ग्रहण समारोह 27 को, जिला इकाइयों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा राजधानी में पहली बार राष्ट्रीय युवा बैठक एवं राष्ट्रीय युवा का शपथ ग्रहण समारोह सालासार बालाजी धाम में आयोजित है। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ इकाई का प्रांतीय अधिवेशन एवं जिला इकाइयों का सम्मान समारोह रखा गया है।

युवा सम्मेलन के चेयरमैन कर्तव्य अग्रवाल, अध्यक्ष प्रमोद जैन ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री ओपी चौधरी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपालशरण गर्ग राष्ट्रीय अध्यक्ष अग्रवाल सम्मेलन, अतिविशिष्ट अतिथि सुरेश गोयल और गोपाल गोयल होंगे। सालासार बालाजी धाम में आयोजित इस कार्यक्रम में ईश्वर प्रसाद अग्रवाल, हेमराज जिंदल राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, विजय कुमार अग्रवाल, कृष्ण कुमार अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, मुरली अग्रवाल की उपस्थिति में होगा।

कार्यक्रम में राज्य के बाहर से करीब 100 पदाधिकारी युवा सम्मेलन राष्ट्रीय और करीबन 500 युवा छत्तीसगढ़ से उपस्थित रहेंगे। अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन छत्तीसगढ़ इकाई ने आयोजन के संबंध में बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भवन व्यवस्था, मंच व्यवस्था, भोजन यातायात और पंजीयन सहित अलग-अलग समितियां बनाई।

# चोरी, लूट, झपटमारी के चार अलग-अलग मामलों में नौ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हाल के दिनों में राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी, लूट के साथ मोबाइल स्नैचिंग की घटनाएं बढ़ी हैं। शातिर चोरों ने राजधानी के हृदय स्थल में शामिल कटोरा तालाब स्थित एक मोबाइल शॉप को निशाना बनाते हुए मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात एक लाख रुपए नकद सहित 20 लाख रुपए के मोबाइल चोरी किए थे। सिविल लाइंस थाना तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने चोरी की गुत्थी को सुलझाते हुए दो नाबालिग सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। इसी तरह से पुलिस ने मंदिर हसौद में चोरी के साथ देवेंद्र नगर तथा गंज थाना क्षेत्र में घूम-घूम कर मोबाइल स्नैचिंग करने सहित लोगों से लूट करने के आरोप में दो नाबालिग सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।



कटोरातालाब, पीडब्लूडी चौक में नए तथा पुराने मोबाइल का कारोबार करने वाले कारोबारी विशाल विरनानी की शिकायत पर पुलिस ने चोरी के आरोप में नवीन पिंजानी, शेख इमरोज तथा उनके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने विशाल के मोबाइल शॉप का शटर काटकर चोरी की थी। घटना स्थल के पास पुलिस को नवीन का सीसीटीवी फूटेज मिला। फूटेज के आधार पर पुलिस ने नवीन को बुलाकर पूछताछ की, तो उसने अपने साथियों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल किया।

### चोरी के बाद तीन साथी नागपुर भाग गए

चोरी में मिली नकदी रकम लेकर शेख इमरोज अपने दो नाबालिग साथियों के साथ ट्रेन से नागपुर भाग गया था। पड़ताल के दौरान पुलिस को इस बात की जानकारी मिली। इसके बाद स्थानीय पुलिस ने नागपुर पुलिस की मदद से तीनों बदमाशों को रेलवे स्टेशन के अंदर ही दबोच लिया। शेख इमरोज पूर्व में चोरी, लूट तथा आर्म्स एक्ट के आरोप में जेल जा चुका है।

### वकील के सूने मकान में आठ लाख की चोरी आरोपी गिरफ्तार

मंदिर हसौद, कुरुद निवासी पेशे से वकील अशोक सोनवानी के सूने मकान में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने शातिर नकबजन अशोक चंद्रवंशी उर्फ मुस्सू को गिरफ्तार किया है। चोरी में शामिल मुस्सू का एक अन्य साथी फरार है। मुस्सू तथा उसका साथी अशोक सोनवानी के मकान में एक पखवाड़ा पूर्व घर में लगे दरवाजे की कुंडी तोड़ कर ड्रेसिंग रूम में प्रवेश कर नकदी सहित सोने-चांदी के जेवर चोरी कर ले गए थे। मुस्सू के कब्जे से पुलिस ने चोरी की रकम साढ़े आठ लाख रुपए जब्त किए हैं।

### लूट, झपटमारी के आरोपी गिरफ्तार

एक अन्य मामले में पुलिस ने देवेंद्र नगर, गंज इलाके के तीन अलग-अलग मामलों में मोबाइल, नकदी लूट, मोबाइल स्नैचिंग तथा चोरी के आरोप में दो नाबालिग सहित पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। देवेंद्र नगर में बाइक में घूम-घूम कर मोबाइल लूट करने के आरोप में पुलिस ने रोहन क्षत्री, करन सोना को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए पांच मोबाइल के साथ लूट में इस्तेमाल दोपहिया वाहन जब्त किया है। इसी तरह गंज तथा देवेंद्र नगर इलाके में घूम-घूम कर लोगों का मोबाइल लूट करने के आरोप में पुलिस ने निर्मल महानंद उर्फ साहिल तथा उसके दो नाबालिग साथियों को गिरफ्तार किया है। निर्मल पूर्व में हत्या की कोशिश तथा हत्या के आरोप में जेल जा चुका है।

## पेज 11 के शेष

### रेलवे स्टेशनों पर लगेंगी...

बल्कि यात्रियों को सुविधाजनक, पारदर्शी और भरोसेमंद सेवा भी प्राप्त होगी। मशीनें बिना किसी दुकान या काउंटर के काम करेंगी। यात्री स्क्रीन पर आइटम चुनकर यूपीआई या क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान कर सकेंगे और तुरंत उत्पाद मशीन से प्राप्त कर सकेंगे। इस योजना की शुरुआत बिलासपुर स्टेशन से कर दी गई है और जल्द ही इसे रायपुर, दुर्ग सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर भी लागू किया जाएगा। इस तरह की सुविधा मेंट्रो स्टेशन व एयरपोर्ट में देखने को मिलती है। रेलवे स्टेशन में यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ जाएगी।

### गांजा तस्करी का...

जिले के रास्ते होते हैं। गांजा तस्करी करने तस्कर रायपुर रूट का इस्तेमाल करते हैं। रायपुर रूट का इस्तेमाल करने की वजह मुंबई-हावड़ा रूट है। इस मार्ग से तस्कर गांजा को किसी भी राज्य में आसानी से खपाने के लिए ले जाते हैं। इस वजह से तस्कर गांजा तस्करी करने रायपुर रूट का इस्तेमाल करते हैं।

ओडिशा से सटे छत्तीसगढ़ के नौ जिले

देश के उत्तरप्रदेश, बिहार, पंजाब, हरियाणा, झारखंड, मध्यप्रदेश के साथ ही महाराष्ट्र में छत्तीसगढ़ के रास्ते गांजा तस्करी की जाती है। इन राज्यों में ओडिशा से सटे इन नौ जिलों के रास्ते गांजा की तस्करी की जाती है। इनमें ओडिशा से सटे जशपुर, रायगढ़, महासमुंद, सांरगढ़-बिलाईगढ़, गरियाबांद, धमतरी, कोंडागांव, बस्तर तथा सुकमा जिले के मार्ग से होते हुए गांजा तस्करी की जाती है।

### चैतन्य के करीबियों पर...

करीबियों की मदद से चैतन्य द्वारा शराब घोटाले की मोटी रकम रियल एस्टेट में निवेश करने ईडी ने आरोप लगाया है। ईडी ने जांच के दायरे में चैतन्य से जुड़े बघेल बिल्डकॉन और बिलासपुर के एक बिल्डर को रखा है। ईडी ने इनमें लक्ष्मी नारायण बंसल सहित कई लोगों के बयानों का हवाला देते हुए पूरी चेन के जरिए करीब एक हजार करोड़ रुपए की ब्लैकमनी को सफेद करने की आशंका व्यक्त की है।

### ट्रंक के बाद बोरी...

तथा फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंचकर पड़ताल में जुट गई है। मृतक की उम्र 20 से 21 वर्ष है। एएसपी विवेक शुक्ला का कहना है कि कयाबांधा निवासी दिनेश मानिकपुरी का शव मिला है।पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार देर शाम बेंद्री गांव के कुछ लोग गिट्टी खदान की तरफ गए थे। ग्रामीणों ने खदान में एक बोरी तैरती हुई देखी। बोरी से तेज बदबू आ रही थी। बोरी में लाश होने की आशंका पर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पानी से बोरी निकालकर देखा, तो बोरी के अंदर युवक की लाश मिली। मृतक के शरीर पर ग्रे कलर की पेंट तथा नेवी ब्लू कलर की टी शर्ट है। शरीर में चोट के निशान मिले हैं। चोट के निशान के आधार पर पुलिस युवक की हत्या की आशंका व्यक्त कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा। प्रारंभिक पड़ताल के आधार पर पुलिस हत्या की आशंका व्यक्त कर जांच कर रही है।

**ट्रंक के बाद बोरी में लाश, गुत्थी सुलझाने जुटी पुलिस:** पिछले महीने डीडीनगर थाना क्षेत्र में ट्रंक में लाश मिलने के एक माह के भीतर बोरी में लाश मिलने की दूसरी घटना है। डीडीनगर में ट्रंक में लाश मिलने की गुत्थी को पुलिस ने उसी दिन सुलझाते हुए आरोपियों की पहचान कर ली थी। आरोपियों की पहचान करने पुलिस को घटना स्थल से एक किलोमीटर दूर आरोपियों के स्पष्ट सीसीटीवी फूटेज मिल गए थे। साथ ही ट्रंक में ट्रंक बनाने वाली कंपनी का नाम मिल गया था। इसीलिए पुलिस ने हत्या की गुत्थी को आसानी से सुलझा लिया। जिस जगह युवक की लाश मिली है, उसके आसपास सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है।

### पशु आहार की बोरी में...

वाली कंपनी अप्पाजी का नाम हिंदी तथा उड़िया भाषा में लिखा गया है। बोरी के ऊपर किड़े बिलबिला रहे थे। लाश के एक से दो दिन पुरानी होने की आशंका जताई जा रही है।

### एक सप्ताह के भीतर...

धनेश की उसके दोस्त ने हत्या कर दी। घटना के दूसरे दिन पुलिस ने मृतक के दोस्त को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया।

n 19 जुलाई, खम्हारडीह, भवानी नगर-सुनील राव की उसके पड़ोसी भाइयों ने गैंती मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने दोनों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया।

n 24 जुलाई को राखी थाना क्षेत्र के बेंद्री स्थित गिट्टी खदान में बोरी में कयाबांधा निवासी दिनेश मानिकपुरी की लाश मिली।

### 48 घंटे मध्य...

की संभावना है। इसके प्रभाव से शुक्रवार को प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने और भारी से अति भारी वर्षा होने की संभावना है। प्रदेश में भारी वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः मध्य छत्तीसगढ़ रहने का अनुमान लगाया गया है।

### तापमान सामान्य, दुर्ग...

दुर्ग रहा। यहां का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान भी प्रदेश में सबसे कम दुर्ग जिले का ही रहा। यहां न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री दर्ज हुआ। बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक बम्हनीडीह में 17 सेमी, अकलतरा में 14 सेमी, घरघोड़ा में 13 सेमी, जांजगीर व बिलासपुर में 12 सेमी, पेंड्रा व लोरमी में 11 सेमी तथा नवागढ़, भोथिया, चांपा, बोदरी व मनेंद्रगढ़ में 10 सेमी बारिश हुई। अन्य स्थानों में बारिश का आंकड़ा दहाई की संख्या तक नहीं पहुंचा।

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmultispecialityhospital@gamil.com

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस.- लेजर व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laparoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हांडी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सैकड़ों भक्तों ने लिया सुंदरकांड पाठ का आनंद

**रायपुर।** शुक्ला परिवार ने अपने निवास में गुरुवार को सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने सुंदरकांड पाठ का श्रवण किया और प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के आयोजकर्ता आशीषा शुक्ला ने हनुमानजी के प्रति अटूट श्रद्धा प्रकट करते हुए कहा कि इसी आस्था के चलते वे नियमित रूप से ऐसे आयोजन करते हैं। यह कार्यक्रम सामुदायिक सेवा और धार्मिक आस्था का सुंदर संगम बना। कार्यक्रम में श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा, राम शर्मा, नवीन शर्मा, हरीश शुक्ला, संगीता व्यास, राजेश तिवारी आदि शामिल हुए।

### मानिकलाल को मिली निओ बोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर




**रायपुर।** हरेली अमावस्या के अवसर पर चरामेति फाउंडेशन द्वारा जीई रोड स्थित जीत टॉवर में गुरुवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने कबीरधाम के ग्राम बिनौरी निवासी मानिकलाल चतुर्वेदी को निओ बोल्ट इलेक्ट्रिक व्हीलचेयर प्रदान की। साथ ही अभनपुर के ग्राम बकतरा निवासी पिंटूराम साहू को चरामेति विकलांग सेवा सम्मान से सम्मानित भी किया गया। संस्था के राजेंद्र ओझा ने बताया कि कार्यक्रम में कृष्णभक्त जोशी, हरीश भाई कोटक, बीके नंदा, संतोष तनवानी, रमेश राव, रिंकू पारवानी, राकेश कुमार शर्मा, मनहरण लाल साहू, डीके पात्रिकर, रोशन बहादुर सिंह आदि शामिल थे।

### हरेली पर्व पर छतौना में किया पौधारोपण



**रायपुर।** ग्राम पंचायत छतौना, विकासखंड आरंग में छत्तीसगढ़ का पहली तिहार 'हरेली' हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खेती उपकरण का पूजा किया इस उपरांत हरेली तिहार के अवसर मे वृक्षारोपण भी किया गया। जिसमे ग्राम के सरपंच - भोजराज यदु, उपसरपंच- नयन यादव एवं पंचगण - नारद यादव, टीकम रात्रे, हीरालाल बंजारे, सुनील बारले, पंच प्रतिनिधि- युवराज साहू, संतु गायकवाड़ और मेहतरू शामिल थे।

### आशीर्वाद भवन में स्वास्थ्य शिविर 27 को

**रायपुर।** प्रगतिशील यादव महासंघ द्वारा बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में 27 जुलाई को मेंटल हेल्थ चेकअप सह अवेयरनेस कैंप लगाया जाएगा।इस स्वास्थ्य शिविर में अनिद्रा, अवसाद, तनाव, अतिक्रोध, चिड़चिड़ापन, नशे की लत, कुंठा से पीड़ित लोग इलाज करा सकते हैं। यह शिविर सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा।

# बहनों की राखी पहुंचाने 8 जगह स्पेशल पीला बाक्स, कर्मी दो बार खोलेंगे ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि सरोकार

सरोकार से जुड़े डाक विभाग ने आगामी रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए तैयारी शुरू की है। बहनों की राखी समय पर भाइयों तक पहुंचाने के लिए शहर में आठ जगह स्पेशल पीला बाक्स सिर्फ राखी पोस्ट करने के लिए लगाया है। सामान्य राखी भेजने के लिए स्पेशल लिफाफा भी डाक काउंटर पर उपलब्ध करवा रहा है। रक्षाबंधन भले ही 15 दिन दूर है, लेकिन स्पेशल राखी बाक्स से दो बार लिफाफों को निकालने और छंटनी के लिए कर्मियों को सतर्क किया गया है।

डाक विभाग ने इस साल भी बहनों की राखी समय पर गंतव्य तक पहुंचाने के लिए रायपुर संभाग में 24 स्थानों पर बहनों की राखी पोस्ट करने के लिए राखी स्पेशल पीला बाक्स लगाया है। इस सीजन में रायपुर में ही मालवी रोड स्थित मुख्य डाकघर, गंज, बिरगांव, टिकरापारा डाकघर सहित 8 स्थानों पर राखी पोस्ट करने के लिए स्पेशल पीला बाक्स लगाया है।

साथ ही डाक कर्मियों की स्पेशल टीम राखियों को बाक्स से सुबह और शाम को निकालने के बाद उसे छंटनी की प्रक्रिया से जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही सभी डाक काउंटर पर 10 रुपए में स्पेशल लिफाफा भी मिल रहा है। इससे लोगों को काउंटर पर पहुंचने पर रजिस्ट्री, स्पीड पोस्ट की सुविधा से जुड़े ग्राहकों को प्राथमिकता दे रहे हैं।

**रायपुर डाक संभाग में 24 जगह लगे हैं राखी स्पेशल बाक्स, इनमें सिर्फ राखियां पोस्ट होंगी**

#### यहां भी स्पेशल पीले राखी बाक्स की सुविधा

विभाग ने रायपुर डाक संभाग में शामिल महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद और बलौदाबाजार के डाकघरों सहित बस स्टैंड, कलेक्ट्रेट सहित मुख्य मार्गों पर 4-4 जगह स्पेशल पीला बाक्स लगवाया है। राखियों की छटनी सहित बाक्स से निकालने के लिए डाक कर्मियों की जिम्मेदारी तय की गई है। इसके साथ ही मुख्य डाकघर में भी राखियों के लिए स्पेशल टीम है, जो प्रतिदिन बाक्स से सुबह और शाम को राखियों का लिफाफा निकालने के बाद उसे गंतव्य तक पहुंचाने की प्रक्रिया से जोड़ने का दायित्व निभा रही है।





#### 41 रुपए में 50 ग्राम का लिफाफा स्पीड पोस्ट

*प्रवर डाक अधीक्षक हरीश महावर ने बताया कि देश के अलग-अलग राज्यों और शहरों तक ही नहीं दूसरे देशों में पढ़ाई और नौकरी करने वाले भाइयों तक समय पर राखी पहुंचाने के लिए इस बार पुख्ता इंतजाम किया गया है। इसके लिए 50 ग्राम का राखी लिफाफा स्पीड पोस्ट करने के लिए 41 रुपए और रजिस्ट्री के लिए 25 रुपए देना होगा। देश के बाहर भेजी जाने वाली राखियों का शुल्क लिफाफे के वजन और दूरी के लिहाज से तय किया जाता है। इसकी जानकारी ग्राहकों को डाक कर्मियों द्वारा दिया जाता है।*

## सभी मार्ग पर हर दिन जाम की स्थिति बनती रहती है

# दो नई लिंक सड़कें राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ेंगी शहर की ट्रैफिक समस्या से मिलेगी बड़ी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

राजधानी रायपुर की चरमराई हुई ट्रैफिक समस्या से हर एक आदमी परेशान है। शहर की गलियां हों या मुख्य सड़क, सभी मार्ग पर हर दिन जाम की स्थिति बनती रहती है। हालांकि इसका बड़ा कारण लोगों की जनसंख्या के साथ बढ़ रही गाड़ियों की संख्या है। जिस तेजी से जनसंख्या और गाड़ियां शहर में बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए आगामी वर्षों में यह समस्या और विकराल रूप ले सकती है।

शासन इस समस्या को देखते हुए शहर में नई सड़कों का निर्माण कर राष्ट्रीय राजमार्गों से जोड़ने का प्रयास कर रहा है। इस कड़ी में शहर में दो नए लिंक मार्गों का निर्माण किया जाना है। इनमें एक लिंक रोड मोवा-विधानसभा से उरकुरा होते हुए एनएच-30 तक तथा दूसरा लिंक रोड जोरा (एनएच-53) से मोवा-विधानसभा (एनएच-130बी) तक प्रस्तावित है। इन दोनों लिंक रोड के बनने से शहर में ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा, जिससे इन क्षेत्रों में रहने वाले लाखों लोगों को राहत मिलेगी।

#### पहला लिंक रोड 3.60 किमी. लंबा

पहला लिंक रोड एनएच-130बी के मोवा-विधानसभा फोरलेन से शुरू होकर सड्डू हाउसिंग बोर्ड कालोनी, दलदल सिवनी, और उरकुरा रेलवे यार्ड होते हुए सीधे रायपुर-धमतरी रोड से जुड़ेगा। इस नए रोड की खास बात यह है कि यह बड़ा नाला टेकारी मार्ग से होकर रिंग रोड क्रमांक-3 को भी जोड़ेगा। इस तरह इस रोड के बन जाने से इस मार्ग से गुजरने वाली भारी वाहन को शहर से बाहर निकालकर रिंग रोड और मुख्य राष्ट्रीय मार्गों में डायवर्ट किया जा सकेगा। सूत्रों के अनुसार रेलवे के अधिकारियों और राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में यह भी तय हो चुका है कि कि सड्डू से उरकुरा तक रेलवे इंटर कनेक्शन तैयार किया जाएगा, जिससे आउटर लिंक रोड को रेल लाइन के साथ जोड़ा जा सकेगा।



फाइल फोटो

#### 10 लाख आबादी को राहत देंगे नए लिंक रोड

इन दोनों लिंक रोड के बनने से लगभग 10 लाख आबादी को ट्रैफिक दबाव से राहत मिलेगी। इस तरह रायपुर के लाभांडी, कचना, शंकर नगर, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, डब्ल्यूआरएस, भनपुरी और उरकुरा आदि सहित अन्य क्षेत्रों को भी इससे बड़ी राहत मिलेगी। ये दोनों लिंक रोड तीन राष्ट्रीय राजमार्ग से भी जोड़ेगा, जिसमें एनएच-53, एनएच-130बी और एनएच-30 शामिल है।

#### *लगभग 0.20 किमी रोड के लिए अधिग्रहित की जाएगी भूमि*

*इस लिंक रोड के निर्माण में लगभग 0.20 किलोमीटर की सड़क का निर्माण करने के लिए भूमि भी अधिग्रहण करना होगा। सूत्रों के अनुसार जिन लोगों की निजी भूमि अधिग्रहित की जाएगी, उन्हें मुआवजा भी मिलेगा। इस तरह प्रस्तावित प्रोजेक्ट पर काम भूमि अधिग्रहण के बाद ही शुरू होगा। बताया जा रहा है कि लिंक रोड बनाने में करीब 34 करोड़ रुपए की लागत आएगी।*

#### भूमि अधिग्रहण में तीन करोड़ खर्च होने का अनुमान

इस लिंक रोड के निर्माण के लिए कई लोगों की जमीन अधिग्रहित की जाएगी, जिसका मुआवजा उन्हें दिया जाएगा। सूत्रों के अनुसार इस रोड के लिए भूमि अधिग्रहण में लगभग तीन सौ करोड़ रुपए मुआवजा राशि के रूप में खर्च होगी। इसके अलावा सिविल कार्य में लगभग 21 करोड़ रुपए की लागत आएगी, वहीं 63.30 करोड़ रुपए की लागत से रेलवे ओवरब्रिज बनाएगा। इस तरह से लिंक रोड बनाने में लगभग 384.30 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

#### जोरा से मोवा तक लिंक रोड निर्माण में 384.30 करोड़ खर्च आने का अनुमान

दूसरा मार्ग लिंक रोड का निर्माण दो फेज में होगा। लाभांडी से कचना, फिर उरकुरा होते हुए भनपुरी तक बनेगी और अंत में जोरा में एनएच-53 से जुड़ेगी। पहले लभांडी, कचना होते हुए मोवा-विधानसभा मार्ग (एनएच-130बी) को जोड़ेगा। पूर्व में बनी सड़क का चौड़ीकरण व नई के लिए भू-अर्जन का प्रावधान भी रखा गया है। यह मार्ग रायपुर के लाभांडी, कचना, शंकर नगर, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, डब्ल्यूआरएस, भनपुरी, उरकुरा क्षेत्र को तीनों राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ेगा, जिससे यातायात सुगम बनेगा। इस मार्ग पर लाभांडी रेलवे क्रासिंग पर 63.30 करोड़ की लागत से रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिसकी चौड़ाई 20 मीटर है, हालांकि इसकी स्वीकृत चौड़ाई 45 मीटर बताई जा रही है, जिससे भू-अर्जन की लागत और बढ़ सकती है।

#### दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी

इन दोनों लिंक रोड को ग्रीनफील्ड कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा। इस तरह इन मार्गों के बनने से दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी। इन मार्गों के बनने से बिलासपुर रोड भनपुरी की ओर से धमतरी जाने वाले लोग सीधे रिंग रोड से जाकर मिलेंगे। इससे शहर की सड़कों पर यातायात का दबाव घटेगा, जिससे दुर्घटनाएं भी कम होंगी।

# रोवर अवार्डी संधू व देवाशीष का कैट ने किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ 52वें राष्ट्रपति स्काउट एवं गाइड पुरस्कार समारोह में 22 जुलाई को दिल्ली में मिला पुरस्कार

कैट टीम ने गुरुवार को रोवर रेंजर के रोवर अवार्ड प्राप्तकर्ता मंत्रीप्त कौर संधू एवं देवाशीष माखीजा का स्वागत करते हुए उनका सम्मान किया। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के सदस्य अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि 22 जुलाई को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में वर्ष 2018-21 के लिए 52वें "राष्ट्रपति स्काउट/गाइड/रोवर/रेंजर" पुरस्कार प्रमाणपत्र वितरित किए। समारोह में 16 स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर्स को उनके अनुशासन, सामाजिक सेवाकार्यता और नेतृत्व के लिए सम्मानित किया गया, इनमें छत्तीसगढ के मंत्रीप्त कौर संधू एवं देवाशीष माखीजा शामिल रहे। श्री पारवानी ने कहा, 52वें राष्ट्रपति स्काउट एवं गाइड पुरस्कार राष्ट्र और समाज के लिए समर्पित जीवन सबसे सर्वोत्तम जीने का मार्ग है। उन्होंने स्काउट एवं गाइड की संस्थाओं की सराहना की, जो युवा वर्ग में राष्ट्रभक्ति, नैतिक मूल्यों तथा निस्वार्थ सेवा की भावना जगाता है। राष्ट्रीय स्तर का नेटवर्क विकसित करने तथा पूरी दुनिया में मैत्री और सहयोग के प्रसार के लिए अपने समकक्ष संगठनों के साथ जुड़ने में सफलता के लिए स्काउट और गाइड आंदोलन की सराहना की।

#### ये पदाधिकारी शामिल रहे

सम्मान करने वाले कैट की टीम में अमर पारवानी, परमानंद जैन, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, अवनीत सिंह, रतनदीप सिंह, भरत भूषण गुप्ता, मधु अरोरा, प्रेरणा भट्ट, प्रीतपाल सिंह बग्गा, महेश खिलोसिया सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# कलेक्टोरेट मल्टीलेवल पार्किंग में बगैर आईडी कार्ड के कर्मचारी कर रहे ड्यूटी, हर दिन विवाद की स्थिति बन रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर कलेक्टोरेट के पास स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में वाहन खड़ा करने के नाम पर हर दिन लोगों और पार्किंग व्यवस्था में लगे कर्मचारियों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। नगर निगम ने मल्टीलेवल में पार्किंग को निःशुल्क रखा है। इस कारण यहां वाहन पार्क करने आने वाले कई दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालक अपना समय और पैदल कम चलना पड़े, यह सोचकर ग्राउंड और फर्स्ट लेयर की पार्किंग में खाली जगह नहीं होने के बाद भी आने-जाने वाले रास्ते पर वाहन को खड़ा करने का प्रयास करते हैं। इसे देखते हुए यहां तैनात कर्मचारी जब विरोध करते हैं, तो इस बात पर विवाद शुरू हो जाता है।

इस विवाद के दौरान कर्मचारियों के पास पार्किंग कर्मचारी की आईडी नहीं होने के कारण विवाद और ज्यादा बढ़ जाता है। इसके कारण कई बार मल्टीलेवल पार्किंग का माहौल भी गरमाया रहता है। जिस तरह से पार्किंग में हर दिन विवाद की स्थिति बन रही है, इसे देखते हुए यहां तैनात कर्मचारी भी अब पार्किंग की व्यवस्था का ठेका लेने वाले से आईडी कार्ड की मांग करने लगे हैं।

#### *रात में भी विवाद की स्थिति*

*मल्टीलेवल में पार्किंग की व्यवस्था के लिए सिर्फ 4 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इनमें तीन कर्मचारी दिन में और एक कर्मचारी की ड्यूटी रात में लगाई गई है। रात के समय कई वाहन चालक शराब के नशे में भी यहां वाहन पार्क करने पहुंचते हैं। इसे लेकर भी विवाद की स्थिति बनती रहती है। माहभर पहले कार सवार चार युवकों ने शराब के नशे में ग्राउंड फ्लोर में वाहन बैरिकेड्स को भी टक्कर मारकर क्षतिग्रस्त कर दी थी। इस घटना के बाद कर्मचारी भी डरे हुए हैं, क्योंकि कार सवार युवकों के खिलाफ पार्किंग ठेकेदार ने और न ही निगम ने पुलिस में शिकायत तक दर्ज कराई।*




#### दोपहिया वाहन के लिए ग्राउंड फ्लोर, चारपहिया भी हो रही पार्क

मल्टीलेवल के ग्राउंड फ्लोर को दोपहिया वाहन पार्क के लिए बनाया गया है। इसके बाद भी कई चारपहिया वाहन के चालक ग्राउंड फ्लोर में गाड़ी पार्क करते हैं। इधर कई दोपहिया वाहन चालक भी सामने जगह नहीं होने के बाद भी आवागमन के रास्ते पर वाहन पार्क कर चले जाते हैं, जिससे गाड़ियों को पार्किंग से बाहर निकालने में लोगों को परेशानी होती है।

#### जब से बनी पार्किंग, तब से बगैर आईडी कार्ड, वर्दी के काम कर रहे कर्मचारी

कलेक्टोरेट-जिला पंचायत भवन के सामने 6 लेयर मल्टीलेवल पार्किंग का जब से निर्माण हुआ है, तब से इस पार्किंग व्यवस्था का ठेका लेने वाले व्यक्ति ने अपने अंडर में कार्य करने वाले कर्मचारियों को न ही आईडी कार्ड दिया है और न ही वर्दी दी है। शुरुआत में इस मल्टीलेवल में वाहन पार्किंग का शुल्क निर्धारित था। उस समय भी कर्मचारी बगैर आईडी कार्ड ही यहां ड्यूटी किया करते थे और अब जब यहां पार्किंग निःशुल्क है, तो भी यहां तैनात कर्मचारियों को आईडी कार्ड एवं वर्दी नहीं दी गई है। आईडी और वर्दी नहीं होने के कारण कई लोग पार्किंग की व्यवस्था संभाले लोगों को कर्मचारी नहीं मानकर उनसे विवाद कर बैठते हैं।

# जल्द होगी एमआईसी की बैठक 2 दर्जन से अधिक एजेंडे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

■ 10 जोन से प्राप्त 300 से ज्यादा पेंशन प्रकरण पर लगेगी मुहर

■ मोवा में निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री के आरएफपी का एजेंडा शामिल

रायपुर नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक जल्द होगी। इसमें नगर निगम के दस जोन के 70 वार्डो से प्राप्त 300 से ज्यादा पेंशन प्रकरण चर्चा के लिए रखे जाएंगे। पिछले 3 माह से एमआईसी की बैठक नहीं होने से बुजुर्गो, दिव्यांग और निराश्रित आवेदकों के सैकड़ों पेंशन प्रकरण लंबित हैं।

इन प्रकरणों को एमआईसी में रखा जाएगा, जिसमें चर्चा के बाद पात्रता के आधार पर मंजूरी दी जाएगी। वहीं नगर निगम की मोवा में नवनिर्मित पहली गारमेंट फैक्ट्री के दस्तावेज, नियम व शर्त संबंधी एजेंडा लाया जा रहा है। वहीं जीई रोड स्थित शहीद स्मारक भवन को सरकारी कार्यक्रमों के अलावा बाकी के अतिरिक्त समय में पीपीपी मोड पर दिये जाने का प्रस्ताव शामिल है।

महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक महात्मा गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में जल्द होगी। इसमें दो दर्जन से ज्यादा एजेंडे पर एमआईसी में चर्चा के बाद मुहर लगेगी। महापौर मीनल चौबे ने बताया कि अगले सप्ताह एमआईसी की बैठक होनी है, इसके लिए विभागवार जनहित से जुड़े एजेंडे प्राप्त हुए हैं। इनमें गरीबों के पेंशन संबंधी प्रकरण शामिल हैं।



#### मोवा में नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री का एजेंडा

मोवा क्षेत्र में बीएसएनएल आफिस के पास 45 हजार वर्गफीट जगह पर निर्मित नगर निगम की पहली गारमेंट फैक्ट्री का सेटअप तैयार करने और इसके संचालन के लिए एजेंसी तय करने संबंधी एजेंडा एमआईसी में रखा जायेगा। विदित हो कि गारमेंट फैक्ट्री स्थापित करने रायपुर नगर निगम ने प्रथम चरण में 4 करोड़ रुपये खर्च कर इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा किया है। इसमें सालभर पूर्व शेड निर्माण, बाउंड्रीवाल, साइड रोड का निर्माण, गंदे पानी के निकासी के लिए ड्रेनेज सिस्टम, परिसर में पानी की व्यवस्था और कर्मचारियों के लिए शौचालय का निर्माण कराया गया। इसके साथ ही आउटर के डेवलपमेंट का काम शामिल है। महिलाओं को स्वावलंबी बनाने गारमेंट फैक्ट्री पीपीपी मोड पर संचालन के नियम व शर्ते सहित अन्य बातें इसमें शामिल होंगी। इसके साथ ही नगरोत्थान योजना के तहत मिली स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा, नामकरण के प्रकरण रखे जाएंगे।

### भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट ऐतिहासिक समझौता : पारवानी



**रायपुर।** राष्ट्रीय व्यापार कल्याण बोर्ड भारत सरकार के सदस्य अमर पारवानी ने भारत और ब्रिटेन के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट को ऐतिहासिक समझौता बताते हुए कहा है, इससे दोनों देशों के व्यापार, निवेश और राजनीतिक संबंधों को नई ऊंचाई स्थापित होगी। ऑटोमोबाइल ईवी पार्ट्स पर ड्यूटी में कमी से भारत से निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इससे सौंदर्य प्रसाधन कम टैक्स दरों पर ब्रिटेन में निर्यात और कृषि क्षेत्र में लाल मिर्च, मसाले, बासमती चावल, समुद्री भोजन को टैरिफ राहत मिलेगी। फार्मा भारतीय दवाओं को ब्रिटेन में जल्दी अप्रूवल व कम ड्यूटी, इंजीनियरिंग मशीनरी, टूल्स, पुर्जों के निर्यात में सुविधा होगी। श्री पारवानी ने कहा कि एफटीए ऐतिहासिक समझौता होने से भारतीय व्यापार और उद्योग जगत को सौगात मिलेगी। देश के औद्योगिक एवं आर्थिक विकास की दृष्टि से यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## बिजनेस साइट

### जीके इलेक्ट्रिक का प्रोस्पेरिटी फाइनेंस के साथ टाईअप, ई-मोबिलिटी को मिलेगी नई रफ्तार




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की अग्रणी इलेक्ट्रिक थ्री-व्हीलर वाहन निर्माता कंपनी जीके इलेक्ट्रिक ने प्रोस्पेरिटी फाइनेंस (ईएफपीएल) के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है। इस सहयोग के तहत अब ग्राहकों को जीके इलेक्ट्रिक के वाहनों के लिए आसान और सुलभ वित्तीय सहायता प्राप्त हो सकेगी। इस अवसर पर जीके इलेक्ट्रिक के डायरेक्टर पुनीत पारवानी ने बताया कि कंपनी अब तक 3000 से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन सड़कों पर सफलतापूर्वक उतार चुकी है। कंपनी द्वारा बनाए गए ई-पैसेंजर, लोडर और अल्ट्रा+ मॉडल ग्राहकों की विविध आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किए गए हैं। उन्होंने आगे कहा, हमारा लक्ष्य भरोसे, गुणवत्ता और सुविधा के साथ पूरे देश में जीके इलेक्ट्रिक का विस्तार करना है। प्रोस्पेरिटी फाइनेंस के साथ यह साझेदारी हमारे ग्राहकों के लिए एक बड़ा अवसर साबित होगी।

### भोजन नली में फंसा मछली का कांटा, डॉ. गौरव अहलूवालिया ने बिना सर्जरी निकाला



**रायपुर।** मछली का सेवन करते समय अक्सर कांटा गले में फंसने की घटनाएं सामने आती हैं, लेकिन यदि यह कांटा भोजन नली में गहराई तक जाकर फंस जाए तो स्थिति खतरनाक हो सकती है। ऐसा ही एक मामला राजधानी रायपुर के अहलूवालिया हॉस्पिटल में सामने आया, जहां एक मरीज को पांच दिनों से गले में तेज दर्द और भोजन निगलने में कठिनाई हो रही थी। अनुभवी विशेषज्ञ डॉ. गौरव अहलूवालिया ने जांच के बाद पाया कि मरीज की भोजन नली में मछली की कांटा फंसा हुआ है, जो आसपास के ऊतकों में सूजन और संक्रमण फैला रहा था। डॉ. अहलूवालिया ने बिना किसी बड़ी सर्जरी के एंडोस्कोपी की मदद से कांटा सफलतापूर्वक बाहर निकाल दिया। इस प्रक्रिया के बाद मरीज को न तो ऑपरेशन की जरूरत पड़ी और न ही लंबे समय तक अस्पताल में रहना पड़ा। इलाज के तुरंत बाद मरीज की हालत में सुधार आया और अब वह पूरी तरह स्वस्थ है तथा सामान्य रूप से भोजन कर पा रहा है। डॉ. अहलूवालिया ने लोगों से अपील की कि इस प्रकार की स्थिति में घरेलू उपाय न अपनाएं और तुरंत विशेषज्ञ से संपर्क करें।




online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि

रायपुर, शुक्रवार 25 जुलाई 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




तेलीबाधा तालाब पर शहर जिला साहू संघ ने गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कर मनाया हरेली।

ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरों तक सभी जगह पारंपरिक तिहार हरेली हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में सुबह से ही किसान वर्ग कृषि औजारों को तालाबों में नहलाकर पूजा की व गौवंश को पारंपरिक लोंदी खिलाने की तैयारी में जुटे रहे तो युवा वर्ग, बच्चों की टोलियां गेड़ी सजाते नजर आईं। ग्राम वैद्य व लोहार घरों व दुकानों के दरवाजे पर नीम डारा लगाते दिखे। वहीं दिनभर शहर में जगह-जगह हरेली उत्सव को धूमधाम से मनाने अनेकों सामाजिक संगठनों द्वारा गेड़ी दौड़ प्रतियोगिता, हरेली फेस्टिवल सेलिब्रेशन, सावन झूला, पारंपरिक व्यंजन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

# अंचलभर में हरेली तिहार की धूम, छत्तीसगढ़ी परंपरा-संस्कृति की बिखरी मनोहारी छटा

## शहर में जगह-जगह गेड़ी दौड़, हरेली सेलिब्रेशन, सावन झूला, पारंपरिक व्यंजन जैसी प्रतियोगिताएं

*रायपुर। शहर की बड़े आयोजनों में मुख्यमंत्री आवास में संस्कृति विभाग द्वारा आमजन के लिए आयोजित हरेली उत्सव आयोजन खास आकर्षण का केंद्र रही। यहां हरेली पर्व पर पूरा मुख्यमंत्री निवास को छत्तीसगढ़ी परंपरा-संस्कृति के अनुरूप सजाया गया। प्रवेश द्वार पर बस्तर के मेटल आर्ट से बने पारंपरिक वाद्य तुरही के मध्य में भगवान गणेश की प्रतिकृति और मेटल आर्ट का घोड़ा उकेरा गया। वहीं रंगबिरंगी तोरण, नीम और आम पत्तों की झालर को हरेली की परंपरा के प्रतीक के रूप में लगाया गया। पूरी सजावट का मुख्य आकर्षण वे छोटी-छोटी रंगबिरंगी गेड़ियां रहीं, जिनका सुंदर स्वरूप यहां से मुख्य मंडप तक हर जगह सजाया गया। सरगुजिहा भित्ति कला के मनमोहक चित्र तुलसी चौरा और गौशाला, हल, कुदाल, रापा, गैती, टंगिया, सब्बल जैसे पारंपरिक कृषि यंत्र के साथ ही गोबर के उपले, सरगुजा की रजवार पेंटिंग के सुंदर चित्रों से सजाया गया। इस प्रकार अंचलभर से लेकर सीएम बंगले तक छत्तीसगढ़ी संस्कृति-परंपरा की विविध रंगों से लोग सराबोर खुशी और उत्साह में डूबे दिखे। हरेली पर्व के कुछ लाइव नजारे हरिभूमि की ओर से प्रस्तुत हैं।*



पुराना धमतरी रोड ग्राम सारखी की हरित महिला संगठन की महिलाओं ने गेड़ी दौड़ मटका फोड़ जैसी पारंपरिक प्रतियोगिता में भाग लेकर हरेली पर्व मनाया।

### बिलासपुर के गेड़ी नृत्य और पिथौरा के राऊत नाचा में दिखी संस्कृति



हरेली के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में गेड़ी नृत्य और राउत नाचा जैसे पारंपरिक लोकनृत्य की छटा ने अतिथियों का मन मोह लिया। बिलासपुर से पहुंचे गेड़ी नृतक दल ने पारंपरिक वेशभूषा में परसन वस्त्र के साथ सिर पर सीकबंद मयूर पंख का मुकुट, कौड़ी व चीनी मिट्टी से बनी माला और कौड़ी जड़ति जैकेट पहनकर मांदर, झांझ, झुमका, खंजरी, हारमोनियम और बांसुरी की मधुर धुन में अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया। वहीं ग्राम गड़बेड़ा पिथौरा से राऊत नाचा में 50 नर्तकों के समूह ने धोती-कुर्ता के साथ सिर पर कलगी लगी पगड़ी, कौड़ी जड़ति बाजूबंद और पेटी के साथ पैरों में घुंघरू पहनकर तो महिला नृत्य दल पारंपरिक श्रृंगार कर पहुंचे थे। इन दोनों ही दलों के सदस्यों ने बताया कि हर साल उन्हें हरेली के मौके पर मुख्यमंत्री निवास से नेवता दिया जाता है। यह हम कलाकारों के लिए गर्व व सम्मान की बात है।




### भनपुरी महिला संगठन ने पारंपरिक वेशभूषा में दिखे



भनपुरी के परदेसी भवन में महिलाओं ने हरेली पर्व पर सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर विभिन्न पारंपरिक खेल प्रतियोगिताओं गिल्ली डंडा, गेड़ी दौड़, मटका फोड़ आदि का आयोजन किया गया। सावन महोत्सव में महिलाओं ने सावनी गीतों का गायन किया। वहीं पारंपरिक वेशभूषा साज-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन भी किया। विजयी प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि डॉ. दीप्ति दुबे ने सम्मानित किया।

### बीरगांव ननि में स्व-सहायता समूहों ने तैयार किए व्यंजन



नगर निगम बिरगांव से जुड़े महिला स्व-सहायता समूहों ने हरेली त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। नगर निगम से जुड़ी स्वच्छता दीदियों और स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा, गहनों और हरी साड़ियों में सजकर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। मणिकंचन सेंटर डेरापारा वार्ड क्रमांक 27 में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता दीदियों ने पारंपरिक गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किया और मिलकर त्योहार की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई, जिन्हें स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किया गया। कार्यक्रम में महापौर नंदलाल देवांगन एवं आयुक्त युगल किशोर उर्वशा ने समस्त नगरवासियों को हरेली पर्व की शुभकामनाएं दीं।

### महिला मित्र मंडल ने धूमधाम से मनाया हरियाली उत्सव



सावन के महीने में पूरे शहर में चारों तरफ हरियाली और उमंग का वातावरण है। इसी तारतम्य मे महिला मित्र मंडल, कृष्णा नगर (संतोषी नगर) की महिलाओं के समूह ने हरियाली उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया। यह कार्यक्रम लाडो निवास बोरियाखुर्द में आयोजित किया गया। महिलाओं के समूह ने सावन झूले का आनंद लेने के साथ कई गेम्स भी खेले, लजीज व्यंजनों का लुत्फ भी उठाया, खेल और मस्ती से सराबोर महिला ग्रुप के साथ साथ बच्चों ने भी खूब मस्ती और एंजॉय किया। इस आयोजन से सबके चेहरों पर रौनक और मुस्कान बिखर गई। कार्यक्रम में सभी महिलाएं हरियाली थीम पर परिधान और श्रृंगार कर पहुंची थीं। कार्यक्रम मे विशेष रूप से रोजा छत्री, लवीना पटेल, उमा छत्री, प्रीति सिंग, उर्मिला यादव, मेघा साहू, हेमलता साहू, प्रमिला साहू, अंजू साहू, यास्मीन साहू शामिल हुईं।

### जैतू साव में रामचंद्रजी का हरित श्रृंगार



हरेली तिहार के अवसर पर जैतूसाव मठ, पुरानी बस्ती में हरियाली अमावस्या के पर्व पर रामचंद्रजी का विशेष श्रृंगार किया गया। प्रकृति के हरे रंग के वस्त्र धारण कराया गया। छत्तीसगढ़ी संस्कृति रूप में पूरे मंदिर प्रांगण में नीम की पत्तियां लगाकर सजाया गया।

### गोपाल मंदिर में नीम के पत्तियों की सजावट



हरेली पर्व पर सदर बाजार स्थित गोपाल मंदिर प्रांगण को नीम पत्तियों के तोरण से सजाया गया। मंदिर के पुजारियों ने श्री गोपालजी का आकर्षक हरित श्रृंगार किया। हरेली पर श्रद्धालुओं ने पूजा-पाठ किया। श्रीगोपाल मंदिर में हरेली की सुंदर छटा बिखरी।

### कृषि विश्वविद्यालय में मनाया हरेली पर्व

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में हरेली पर्व को पारंपरिक रूप से बड़े हर्षोल्लास एवं सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित तीनों महाविद्यालयों, कृषि महाविद्यालय रायपुर, फूड टेक्नोलॉजी महाविद्यालय एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। हरेली पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित पारंपरिक खेलों जैसे गेड़ी दौड़ और रस्साकसी प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस आयोजन में कुल 150 से अधिक छात्र-छात्राओं की भागीदारी रही। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के खेल अधिकारी डॉ. सुबुही निषाद एवं डॉ. रामकुमार ठाकुर द्वारा खेल स्पर्धाओं का सफल संचालन एवं समन्वय किया गया। हरेली का यह आयोजन छत्तीसगढ़ की लोकपरंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत को संजोए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा, जिसे छात्र-छात्राओं ने अत्यंत उत्साह और आनंद के साथ मनाया।



## लाइव इवेंट

### यूपीएससी ईपीएफओ भर्ती के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी




**रायपुर।** संघ लोक सेवा आयोग की ओर से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में कुल 230 पदों पर भर्ती के लिए शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी किया है। आधिकारिक अधिसूचना के तहत यूपीएससी ने एनफोर्समेंट ऑफिसर /एकाउंट ऑफिसर्स के लिए कुल 176 पद और असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर के लिए कुल 74 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। अगर आप भी इन पदों पर नौकरी करना चाहते हैं, तो आप जल्द ही आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकेंगे। फिलहाल यूपीएससी की ओर से शॉर्ट नोटिफिकेशन जारी किया गया है। आवेदन से संबंधित विस्तृत नोटिफिकेशन 26 जुलाई को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी कर दिया जाएगा।

#### इस दिन कर सकेंगे अप्लाई

संघ लोक सेवा आयोग की ओर से कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में एनफोर्समेंट ऑफिसर/एकाउंट ऑफिसर्स और असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर के पद पर आवेदन प्रक्रिया 29 जुलाई दोपहर 12 बजे से शुरू हो जाएगी। साथ ही इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार 18 अगस्त, 2025 रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन माध्यम में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए उम्मीदवार यूपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट **upsc.gov.in** पर जाकर विजिट कर सकते हैं।एनफोर्समेंट ऑफिसर /एकाउंट ऑफिसर्स के पद पर आवेदन करने के लिए सामान्य और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों की आयु 33 वर्ष, ओबीसी उम्मीदवारों की आयु 35 वर्ष, एससी व एसटी और दिव्यांग उम्मीदवारों की आयु-सीमा 40 वर्ष निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त, असिस्टेंट प्रोविडेंट फंड कमिश्नर के पद पर आवेदन करने के लिए सामान्य और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों की आयु 35 वर्ष, ओबीसी उम्मीदवारों की आयु 38 वर्ष, एससी व एसटी उम्मीदवारों की आयु 40 वर्ष और दिव्यांग उम्मीदवारों की आयु 48 वर्ष निर्धारित की गई है।

## सिटी इवेंट

### बच्चों को महीने में दो बार ब्लड चढ़ाने के खर्च से बचाने शुरू किया केयर सेंटर



**रायपुर।** बहुत मुश्किल होता है, जब आर्थिक तंगी से जूझते परिवार में किसी बच्चे को थैलेसीमिया और सिकलिन जैसी बीमारी हो जाए तो ऐसे पेशेंट का जीवन बचाने उनको महीने में दो बार ब्लड चढ़ाना पड़ता है। इस समस्या से जूझ रहे 82 बच्चों के माता-पिता को राहत दिलाने के लिए सेवा की नई पहल करने का संकल्प 32 युवाओं ने आपसी सहमति से लिया। चार साल पहले कोई अपना सा हो काश फाउंडेशन के संस्थापक सुरेश और काजल सचदेव के साथ ही संदीप कुकरेजा ने प्रयास शुरू किया। इसके लिए टीम मेंबर्स को दिल्ली-बेंगलुरु से प्रशिक्षण दिलाने के बाद एक चिकित्सक और दो नर्सों की मदद से डे केयर सेंटर रमण मंदिर वार्ड में शुरू किया गया।

> राजधानी में 32 युवाओं का ग्रुप थैलेसीमिया और सिकलिन पीड़ित बच्चों को हर महीने दे रहा सेवा

#### सेंटर में ब्लड सुरक्षित रखने की सुविधा

संस्था ने डे केयर में ही ब्लड ट्रांजेक्शन सेंटर बनाया है। इसका संचालन चार साल से एक चिकित्सक और दो नर्सों के माध्यम से किया जा रहा है। सुरेश सचदेव ने बताया कि हमारे पास हर महीने थैलेसीमिया और सिकलिन पीड़ित बच्चों के माता-पिता ब्लड डोनर्स के लिए आते और प्राइवेट अस्पतालों में 8 से 10 हजार रुपए महीने का खर्च वहन करते हुए कर्जदार होने की पीड़ा भी सुनाते थे। तब हमने संकल्प को सेवा का हिस्सा बनाने का निर्णय लिया और ब्लड सुरक्षित किस तरह रखा जा सकता है, किस तरह की सुविधा ब्लड चढ़ाने के लिए सेंटर में होनी चाहिए। इसकी जानकारी बेंगलुरु और दिल्ली से लेने के बाद सेवा के लिए सेंटर शुरू किया।

#### मेंबर्स के सहयोग से बनाई व्यवस्था

संस्था प्रमुख सचदेव ने बताया कि ब्लड चढ़ाने के लिए सेंटर शुरू करने में सभी मेंबर्स ने सहभागिता निभाई। अब सेंटर में बनाई व्यवस्था और सुविधा का लाभ पीड़ितों को मिल सके, इसके लिए भी दानदाताओं से सहयोग प्राप्त होता है। इससे बच्चों को ब्लड चढ़ाने की समस्या से बचाने में उनके माता-पिता को सहयोग किया जाता है। इस निशुल्क सेवा से जुड़े बच्चों को हर महीने ब्लड की उपलब्धता और उसे चढ़ाने के लिए चिकित्सक सेवा देते हैं।

#### प्रतिदिन चार से पांच बच्चों को सेवा

एक बार में एक पेशेंट को 350 एमएल ब्लड चढ़ाना पड़ता है। इसमें ढाई से तीन घंटे का समय लगता है। इसमें पूरी पारदर्शिता और सजगता के लिए ब्लड को साफ करने के लिए दिल्ली से फिल्टर मंगाते हैं। एक चिकित्सक और दो नर्स की ड्यूटी रोज सुबह 11 से शाम 5 बजे तक डे केयर सेंटर में होती है। इस सेटर में 82 बच्चों को महीने में दो बार निशुल्क ब्लड चढ़ाया जाता है। इस तरह से प्रतिदिन 4 से 5 बच्चों को सेवा दी जाती है। इसके लिए तय समय पर सेवा देने ड्यूटी भी लगाई जाती है, ताकि आने वाले लोगों को भटकना न पड़े। संबंधित पेशेंट के लिए ब्लड की उपलब्धता तय की जाती है।

## कार्नर न्यूज

# शनिदेव प्रकटोत्सव पर 150 लीटर सरसों तेल से अभिषेक सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रह शांति के लिए किया अनुष्ठान

**रायपुर।** चूड़ी लाइन स्थित प्राचीन श्री शनिदेव मंदिर में सावन मास की अमावस्या पर शनिदेव जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिर परिसर में देर रात तक उमड़ी रही, जहां सुबह से ही भक्त शनिदेव के दर्शन और सरसों तेल से अभिषेक के लिए पहुंचे। जन्मोत्सव का शुभारंभ मंगल आरती और अभिषेक पूजन से हुआ, इस दौरान मंदिर परिसर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय नजर आया। मंदिर के पुजारी विनोद शर्मा और संतोष शर्मा ने बताया कि यह पर्व मंदिर में परंपरागत रूप से बीते चार पीढ़ियों से मनाया जा रहा है। श्रावणी अमावस्या को शनिदेव का जन्मोत्सव मानते हुए विशेष पूजा-अर्चना और शांति हवन का आयोजन भी किया गया। मान्यता अनुसार इस वर्ष कुंभ, मीन, मेष, सिंह, धनु राशियों के जातकों के लिए यह दिन शुभ और फलदायक हुआ।



#### सुबह से देर रात तक सरसों तेल से अभिषेक

इस अवसर पर सुबह 9 बजे से सामूहिक हवन और अनुष्ठान की शुरुआत की गई। भक्तों ने नवग्रहों के कुप्रभाव से मुक्ति और पारिवारिक सुख-शांति के लिए शांति हवन में भाग लिया। इस दौरान 150 लीटर से अधिक सरसों तेल से शनिदेव का अभिषेक किया गया, जहां सुबह से ही विशेष राशि के जातकों द्वारा अनुष्ठान जारी रहा। मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भक्तों ने अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की और घर-परिवार की समृद्धि की कामना की।

> बंगाल के कारीगरों ने फूलों से सजाया गर्भगृह, अखण्ड ज्योति कलश की स्थापना

#### चांदी के मुकुट और सोने के हार से श्रृंगार

खास अवसर पर मंदिर के गर्भगृह को विशेष रूप से सजाया गया था, ऐसे में बंगाल के कारीगरों ने फूलों की आकर्षक सजावट की। वहीं शनिदेव को चांदी के मुकुट, सोने के हार और विशेष जरी वर्क में तैयार काले रंग के पोशाक के साथ श्रृंगार किया गया। इस मौके पर मंदिर प्रबंधन की ओर से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने दोपहर से लेकर देर रात तक प्रसाद ग्रहण किया।

सिटी लाइव

## सिंधी लोकगीत-नृत्य से सावन उत्सव को किया सेलिब्रेट



**रायपुर।** सावन में अलग-अलग समाज और संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं पारंपरिक तरीके से सावन उत्सव की श्रृंखला सजाते हुए महिलाओं को खुशनुमा माहौल देने के लिए आयोजन कर रही हैं। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए गुरुवार को छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत महिला विंग ने उल्लास के साथ सावन सेलिब्रेट किया। इसमें महिलाओं ने जहां सिंधी लोकगीतों और नृत्य की प्रस्तुति से अवसर को खास बनाने का प्रयास किया। वहीं रैम्प वॉक, हाउजी जैसे गेम्स में प्रतिभागी भी बनीं। इसके चलते जीतने के लिए हर किसी ने अपने तरीके से प्रयास किया। इस उत्सव को खास बनाने में जूही दरयानी, हेमा अमेसर, कनक खेमानी, चंचल बजाज, दीक्षा रामानी, रागिनी गोगिया, तनीषा नानजियानी ने सहयोग दिया।

### कनक बनीं सावन क्वीन

महिलाओं विंग ने विशेष रूप से परंपरागत खेल जैसे रस्सीकूद, मेहंदी, सोलह श्रृंगार को प्रतियोगिता का हिस्सा बनाया। सभी आयोजनों व खेल में कनक खेमानी सावन क्वीन बनीं। महिला विंग ने उन्हें सोलह श्रृंगार सामग्री देकर पुरस्कृत किया। आयोजन की जानकारी देते हुए सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रवक्ता सुभाष बजाज, तनेश आहूजा और अनिल लाहौरी ने बताया कि सावन उत्सव को पारंपरिक गीत-संगीत से सजाने का प्रयास विगत कई वर्षों से किया जा रहा है। इसे आयोजन का हिस्सा बनाने में अहम सहभागिता ज्योति हुदानी, ममता शादीजा, दीपा सुखरामानी, दीपा जसूजा निभा रही हैं।

● लंबे समय से नींद की समस्या होने पर, हृदय रोग, सुगर, थायराइड और एसिडिटी बीमारी की दस्तक

# इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस नींद बर्बाद कर रहा, हर दिन ओपीडी में इलाज कराने पहुंच रहे 50 मरीज

*बदलती दिनचर्या और अनियमित जीवनशैली ने युवाओं की नींद पर सीधा असर डाला है। देर रात तक जागना, मोबाइल और लैपटॉप का अत्यधिक उपयोग, काम का तनाव और शारीरिक गतिविधियों की कमी युवाओं में अनिद्रा की समस्या को बढ़ा रही है। शहर के डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय के चिकित्सकों का कहना है कि ओपीडी में प्रतिदिन औसतन 50 से अधिक मरीज नींद न आने की शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं, जिनमें युवाओं की संख्या सबसे अधिक है। विशेषज्ञों के अनुसार, लगातार आधी रात के बाद सोने की आदत से नींद का प्राकृतिक चक्र बिगड़ रहा है, जो मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक बीमारियों को भी जन्म दे सकता है। यदि 2 सप्ताह से अधिक किसी व्यक्ति को सही समय में नींद न आए तो उन्हें हृदय रोग, सुगर, थायराइड और एसिडिटी जैसी गंभीर समस्या हो सकती हैं।*

**रायपुर।** हरिभूमि से विशेष बातचीत के दौरान चिकित्सकों ने बताया कि बदलती दिनचर्या और जीवनशैली के कारण आने वाले दिनों में युवा वर्ग तेजी से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ सकता है। उन्होंने कहा कि सही समय पर जीवनशैली में सुधार लाना आवश्यक है, ताकि भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचा जा सके। चिकित्सकों ने विशेष रूप से युवाओं को सलाह दी है कि वे अपने दैनिक आहार, नींद, शारीरिक गतिविधि और मानसिक तनाव पर नियंत्रण रखें।



### सोने से पहले 5 मिनट भ्रामरी प्राणायाम और 'ऊँ'कार का उच्चारण

योगगुरु लेकेश्वर प्रकाश साहू ने कहा कि आजकल शारीरिक व्यायाम की कमी के कारण नींद की समस्या तेजी से बढ़ रही है। योग के विभिन्न प्राणायाम और आसन बेहतर स्वास्थ्य एवं अच्छी नींद के लिए बेहद फायदेमंद हैं। योगगुरु के अनुसार, रोजाना सोने से पहले कम से कम 5 मिनट भ्रामरी प्राणायाम और 'ऊँ'कार का उच्चारण किया जाना चाहिए। इससे निकलने वाली ध्वनि मस्तिष्क को शांत करके नींद में सुधार लाती है। साथ ही जो लोग लगातार काम में व्यस्त रहते हैं और उनके पास सोने के लिए पर्याप्त समय नहीं होता, वे योगनिद्रा प्राणायाम कर सकते हैं। केवल 30 मिनट के सफल योगनिद्रा अभ्यास से व्यक्ति को लगभग 3-4 घंटे की गहरी नींद के बराबर आराम मिल जाता है।



### नींद न आने पर हृदय रोग, मधुमेह, थायराइड और एसिडिटी जैसी गंभीर बीमारियां

आंबेडकर अस्पताल की मनोवैज्ञानिक डॉ. सुरभि दुबे ने बताया कि विद्यार्थी देर रात तक पढ़ाई करते हैं और सुबह देर तक सोना पसंद करते हैं, जो पूरी तरह से गलत आदत है। इससे मानसिक रोगों की समस्या बढ़ रही है। इसी कारण 10 से 25 वर्ष के युवाओं में हाइपरटेंशन, थायराइड और डायबिटीज जैसी बीमारियां भी सामने आ रही हैं। अस्पताल की ओपीडी में रोजाना लगभग 80-100 मरीज इलाज के लिए आते हैं, जिनमें से करीब 50 मरीज नींद न आने की शिकायत लेकर आते हैं। यदि किसी को लंबे समय तक सही समय पर नींद नहीं आती है तो यह चिंता का विषय है, क्योंकि इससे हृदयरोग, मधुमेह, थायराइड और एसिडिटी जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। अगर दो सप्ताह से अधिक समय तक नींद की समस्या बनी रहती है तो तुरंत चिकित्सीय जांच करानी चाहिए, ताकि गंभीर समस्याओं से बचा जा सके।

### सोने से पहले पानी के बदले दूध पीने की सलाह

डायटिशियन डॉ. नेहा जैन ने बताया कि कार्डियो मरीजों के लिए सोने से पहले पानी पीना नींद को प्रभावित कर सकता है। उन्होंने कहा कि रात के भोजन में भारी मसालेदार और तैलीय भोजन से बचना चाहिए। बेहतर स्वास्थ्य और अच्छी नींद के लिए सोने से 2 से ढाई घंटे पहले भोजन करें। बेहतर नींद के लिए पानी के बजाय दूध पीने और सोने से पहले पैरों को पानी से धोना भी नींद को बेहतर बनाने में मददगार है।

### नींद न आने पर दवाई का सहारा ले रहे युवा

नींद न आने के कई कारण होते हैं, जैसे अत्यधिक काम करना, तनाव, बिगड़ी हुई दिनचर्या और मोबाइल का अधिक उपयोग। कई बार जो लोग शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं रहते और उनका शरीर पूरी तरह थकता नहीं है, उन्हें भी नींद आने में परेशानी होती है। मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आरएल खरे के अनुसार, रात में सोने से पहले मोबाइल या किसी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस को स्क्रीन टाइम देने से आंखों में लगातार ब्लू लाइट पहुंचती है, जिससे मस्तिष्क को नींद का संकेत नहीं मिलता। इससे कई लोग नींद न आने की समस्या से जूझते हैं और दवाओं का सहारा लेने लगते हैं। खासकर 23 से 27 वर्ष के युवाओं में यह समस्या अधिक देखी गई है। कम उम्र में नींद की दवाओं का लगातार उपयोग युवाओं के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे आदत पड़ने पर 40-45 वर्ष की उम्र में भी, भारी मात्रा में दवाएं लेने के बाद भी नींद नहीं आएगी, जिससे उनकी उम्र लगातार घटती चली जाएगी। इसलिए, नींद की समस्या को दवाओं पर निर्भर किए बिना प्राकृतिक तरीकों से ठीक करना बेहतर है।

# सच्चा शिष्य वही, जो गुरु के संकेतों को बिना बोले भावनाओं को समझे

**रायपुर।** श्री विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट व भाव उल्लास चातुर्मास समिति के तत्वावधान में आयोजित चातुर्मास में गुरुवार को तीर्थप्रेम विजयजी ने उत्तराध्ययन सूत्र के अंतर्गत "विनीत शिष्य" के विषय में विस्तारपूर्वक विवेचन किया। प्रवचन में उन्होंने विनीत शिष्य के तीसरे गुण पर प्रकाश डाला और बताया कि एक आदर्श विनीत शिष्य को कैसा होना चाहिए। गुरुभगवंत ने समझाया कि विनीत शिष्य वह होता है, जो गुरु के बिना बोले ही उनकी वाणी, संकेत और भावनाओं को समझ जाए। ऐसा शिष्य गुरु के बॉडी लैंग्वेज, शारीरिक संकेतों को देखकर ही उनके भाव को भांप लेता है।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहाः यदि गुरु भगवंत की दृष्टि घड़ी की ओर जाए, तो शिष्य को यह समझ जाना चाहिए कि उन्हें किसी अन्य कार्य हेतु जाना है। यदि गुरु का संकेत पानी की मटकी की ओर हो, तो शिष्य को यह बिना बोले समझ लेना चाहिए कि गुरु को जल की आवश्यकता है। सच्चा विनीत शिष्य वही होता है जिसका मन सतत जागरूक और उपस्थित हो।

गुरुभगवंत ने कहा कि जब गुरु स्वाध्याय या ध्यान में लीन हों, तब शिष्यों को वहां बिना विघ्न डाले विनम्रतापूर्वक स्थान छोड़ देना चाहिए। साथ ही, यदि शिष्य भी वहीं बैठकर तप, स्वाध्याय या मौन साधना करे, तो यह एक अत्यंत मांगलिक अवसर बन जाता है।



### बिना स्वार्थ के कोई एक गिलास पानी भी नहीं पिलाने वाला

दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला में हंसकीर्ति श्रीजी धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का पठन कर रही हैं। इसी क्रम में गुरूवार को उन्होंने कहा कि यह संसार ऐसा है कि कोई आपकी मदद एक-दो बार कर सकता है, कुछ पल साथ दे सकता है, लेकिन बार-बार सहायता करने कोई नहीं आता। बिना स्वार्थ के कोई आपको एक गिलास पानी भी नहीं पिलाने वाला। जब शरीर स्वस्थ होता है तो धर्म या आत्मचिंतन की ओर मन नहीं जाता, लेकिन जब बीमार होते हैं तो धर्म की याद आती है, पर तब शरीर साथ नहीं देता और असहायता महसूस होती है।

# छात्रों ने सीखीं सैटेलाइट की बारीकियां, अंतरिक्ष विज्ञान ने बढ़ाई उत्सुकता

**रायपुर।** अंतरिक्ष विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों की रुचि और नवाचार क्षमता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्टूडेंट सैटेलाइट ट्रेनिंग वर्कशॉप कार्यक्रम आयोजित किया गया। वर्कशॉप में विद्यार्थियों को सैटेलाइट निर्माण की प्रक्रिया के साथ-साथ सैटेलाइट के प्रमुख भाग, लॉन्चिंग से सेटेलाइट डिप्लॉयमेंट तक की विस्तृत जानकारी दी गई। सौर पैनल, बैटरी और पॉवर मैनेजमेंट यूनिट, एंटीना और ट्रांसीवर, ऑनबोर्ड कंप्यूटर, सेंसर, सैटेलाइट का ढांचा, सैटेलाइट की दिशा और स्थिति नियंत्रित करने वाला सिस्टम, थर्मल कंट्रोल सिस्टम आदि के विषय में बताया गया। विद्यार्थियों ने सैटेलाइट का कार्य, कक्षा में स्थापना, माइक्रो सैटेलाइट एवं क्यूब सैट जैसी श्रेणियां, पृथ्वी के चारों ओर घूमने वाले उपग्रहों की गति और उनके उपयोग, सैटेलाइट डेटा का उपयोग, मौसम पूर्वानुमान, संचार, भू-मानचित्र, प्रोटोटाइप बनाना, प्रैक्टिकल मॉडल पर कार्य जैसे बातों को भी रुचि लेकर सीखा।



### वैज्ञानिकों से बातचीत करने का अवसर

वर्कशॉप में विभिन्न विद्यालयों के 50 होनहार विद्यार्थियों को कई वैज्ञानिकों से बातचीत करने का अवसर मिला। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में इग्नाइटिंग ड्रीम्स ऑफ यंग फाउंडेशन अभी तक 5 लाख विद्यार्थियों को जोड़ चुका है। यह इसरो से रजिस्टर्ड एक ट्यूटर संस्था है। छत्तीसगढ़ में इनकी अंतरिक्ष की एक प्रयोगशाला भी है।

# नया शैक्षणिक सत्र में नवोदय विद्यालय में आवेदन की अंतिम तिथि 29 तक




**रायपुर।** नवोदय विद्यालय समिति द्वारा कक्षा 6वीं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश हेतु आवेदन प्रक्रिया जारी है। इच्छुक अभिभावक एवं विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट navodaya.gov.in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने का यह सुनहरा अवसर उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए है जो गुणवत्तापूर्ण और निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 तक है। प्रवेश परीक्षा तिथि 13 दिसंबर 2025 (शनिवार) निर्धारित की गई है। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थी का जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के बीच होना अनिवार्य है। साथ ही, विद्यार्थी वर्तमान में किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत होना चाहिए। अभिभावकों से अनुरोध है कि वे समय रहते आवेदन करें ताकि उनके बच्चे इस प्रतिष्ठित संस्थान में प्रवेश पा सकें।

Education Time

Paaras Institute of Education
प्रवेश प्रारंभ
विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त डिस्टेंस & ऑन-लाइन लर्निंग डिप्लोमा कोर्स
विशेषताएं
• डिजिटल क्लासरूम
• अनुभवी शिक्षक
• 100% प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
विभिन्न सरकारी नौकरी के लिए जरूरी है एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स
www.paarasinstitute.com
St/Sc/OBC वर्ग के लिए छात्रवृत्ति योजना
• DCA • PGDCA • CCA
• Graphic Designing • Advance Excel • Typing Classes
DCA PGDCA Tally
Add 1 - Near Mahaveer sweets, bhatagaon chowk, Raipur Contact no- 6263903865, 7987018381
Add 2 - Tiranga Chowk, Khud muda road, Amleshwar contact no.- 9111348886, 7879008105
Contact to Add Your School - 79871-19756

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778

NEW MENU EVERYDAY
UNLIMITED QUALITY FOOD
MONDAY TO FRIDAY 12:00 PM TO 3:30 PM
DELICIOUS THAALI STARTING 21TH JULY 2025
₹299/- ONLY
White Bowl, Hotel Allnear Rishabh Complex MG Rd. Raipur, Mob.: 9171500051,9171500052

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

BIG BULL
ई- रिक्शा & ई-लोडर
1.5 टन लोडिंग क्षमता
5 बैटरी - 150KM की रेंज
• स्टाइलिश लुक्स-कलर • अत्याधुनिक सस्पेंशन-शॉकअप • ब्लूटूथ साउंड सिस्टम के साथ • बैक कैमरा के साथ • ज्यादा स्पेस, ज्यादा सुविधा
• बैंक फाइनेंस (तत्काल फाइनेंस) • कम से कम डाउन पेमेंट • R.T.O. द्वारा सब्सिडी
डीलर : शुभ मार्केटिंग भनपुरी, रायपुर (छ.ग.)
+91 98266 95200, 72240 03520
महिंद्रा शोरूम के बाजू में, भनपुरी चौक, रायपुर (छ.ग.)

सिंघम ई-रिक्शा एवं ई-कार्ट
शिवनारायण गुप्ता (शिव भोले)
24 घंटे गाड़ी उपलब्ध
93002 42718 97547 16618
श्री द्वारिका बोरवेल्स
सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता एवं भूजल सर्वेक्षण
5"6"7" बोर करवाने हेतु संपर्क करें
रिंग रोड नं.1, कुशालपुर चौक, भारत ट्रेडर्स के पास, रायपुर (छ.ग.)
नोट : प्लॉट एवं मकान खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें


छ.ग. पी.डी.एस. संघ रायपुर की ओर से
मान. श्री संदीप शर्मा जी
को छ.ग. राज्य खाद्य आयोग के
अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
नरेश बाफना
अध्यक्ष, छ.ग. पी.डी.एस. संचालक संघ
रायपुर
पद ग्रहण समारोह
दिनांक : 25 जुलाई 2025, दिन : शुक्रवार
समय : दोपहर 3.00 बजे
स्थान : पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर (छ.ग.)
विनय बजाज
अभिषेक महाकालकर
प्रहल्लाद यादव
धीरेन्द्र वर्मा
मुन्ना भैय्या
अज्जू भाई
विनीत: दीपक अग्रवाल,तनवीर शेख, रायपुर (छ.ग.)

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# वेस्ले ने की प्रेमिका नताली से सगाई, लिखा- 'हमेशा के लिए'



वैम्पायर डायरीज जैसी शानदार हॉलीवुड सीरीज से मशहूर हुए एक्टर पॉल वेस्ले ने अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड नताली कुकेनबर्ग से सगाई कर ली है। पॉल वेस्ले ने अपनी प्रेमिका और मॉडल नताली कुकेनबर्ग से सगाई कर ली है। इस जोड़े ने इटली में छुट्टियां मनाते समय सगाई की है। इसकी पुष्टि नताली ने सोशल मीडिया पर एक ब्लैक-एंड-व्हाइट तस्वीर के साथ की है।

नताली कुकेनबर्ग ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर शेयर की है। जिसमें एक लड़की के हाथ में एक चमचमाती रिंग नजर आ रही है और साथ ही उसके हाथ को कोई शख्स पकड़े हुए है। इस तस्वीर के साथ नताली ने कैप्शन में लिखा, 'हां हमेशा और सदैव।' इस खास पोस्ट से साफ जाहिर है कि नताली ने पॉल से सगाई कर ली है। यह उनकी सगाई की अंगूठी है। नताली की इस पोस्ट के बाद फैंस ने उन्हें ढेर सारी बधाइयां दीं। रिपोर्ट्स के अनुसार, पॉल और नताली 2022 से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं । उन्हें पहली बार इटली में एक साथ देखा गया था। तब से वे सोशल मीडिया पर कभी-कभार एक-दूसरे के साथ तस्वीरें साझा करते रहे हैं। नताली ने वैलेंटाइन डे पर पॉल को अपना सोलमेट बताया था, और जून में उनके जन्मदिन पर उन्हें अपना पसंदीदा इंसान कहा। पॉल की बात करें तो पॉल की पहली शादी इनेस डी रेमन से हुई थी, जिसका तलाक 2024 में पूरा हुआ। पॉल और नताली ने अभी शादी की तारीख तय नहीं की है, लेकिन उनकी निजी जिंदगी को देखते हुए फैंस एक सादगी भरी शादी की उम्मीद कर रहे हैं।

### टॉलीवुड

# 'मेगा 157' को लेकर अनिल रविपुड़ी का खुलासा, शूटिंग का तीसरा शेड्यूल पूरा



चिरंजीवी और अनिल रविपुड़ी की फिल्म 'मेगा 157' का तीसरा शेड्यूल पूरा हो चुका है। इस बात की जानकारी खुद निर्माता ने एक पोस्ट शेयर कर दी है।

मेगास्टार चिरंजीवी अपनी नई फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं, जिसका निर्देशन अनिल रविपुड़ी कर रहे हैं। आज निर्माताओं ने फिल्म के तीसरे शेड्यूल के पूरे होने की जानकारी देते हुए एक खास तस्वीर और वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया है।

'मेगा 157' चिरंजीवी की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक हैं। फैंस को चिरंजीवी की इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म में चिरंजीवी के साथ नयनतारा मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। आज फिल्म की शूटिंग का तीसरा शेड्यूल पूरा हो गया है। इस तीसरे शेड्यूल को केरल में फिल्माया गया है। पिछले दस दिनों से चल रहे इस शेड्यूल में चिरंजीवी और नयनतारा पर एक रोमांटिक गाना भी फिल्माया गया है। खास बात यह है कि चिरंजीवी इस फिल्म में एक ड्रिल मास्टर की नई भूमिका में नजर आएंगे, जो उनके प्रशंसकों के लिए एक दम अनोखा अनुभव होगा।

आज एक्स हैंडल पर फिल्म निर्माताओं ने चिरंजीवी की एक शानदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में चिरंजीवी एक प्राइवेट जेट के सामने पोज देते नजर आ रहे हैं। जेट के साइड पर लिखा है मेगा 157। इस शानदार तस्वीर और एक लाजवाब वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'टीम ने एक सुंदर गाने और महत्वपूर्ण टॉकी भागों की शूटिंग के बाद सुंदर केरल शेड्यूल पूरा किया चिरु-अनिल शीर्षक और पहली झलक जल्द ही - मेगास्टार।'

### भोजपुरी

# महाकुंभ वाली मोनालिसा की फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शुरू हुई शूटिंग



महाकुंभ में माला बेचकर चर्चा में आईं मोनालिसा की पहली फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और उनकी खुशी का ठिकाना नहीं है। शूटिंग इटावा में चल रही है और सेट से तस्वीरें सामने आई हैं, जो वायरल हो रही हैं। महाकुंभ में माला बेचकर चर्चा में आईं मोनालिसा अब स्टार बन चुकी हैं। उनकी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है, जिसे डायरेक्टर सनोज मिश्रा बना रहे हैं। इसकी शूटिंग इटावा में शुरू हो गई है। इस फिल्म में मोनालिसा एक आर्मी अफसर की बेटी का किरदार निभाएंगी, जो पिता के लिए संघर्ष करती है और डिफेंस में जाने का सपना देखती है। 'द डायरी ऑफ मणिपुर' के प्रोड्यूसर धीरेन्द्र चौबे हैं। फिल्म में मोनालिसा के साथ अमित राव, दिनेश त्रिवेदी और अभिषेक त्रिपाठी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म की शूटिंग इटावा के राजा सुमेर सिंह किला में हो रही है। 'द डायरी ऑफ मणिपुर' के गाने सनोज मिश्रा ने लिखे हैं और अन्नु प्रिया ने गाए हैं, वहीं म्यूजिक शेखर संतोष ने दिया है। यह फिल्म मणिपुर की सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसमें एक लव स्टोरी और बेटी के संघर्ष को दिखाया जाएगा। फिल्म की शूटिंग देवी मां के मंदिर में नारियल तोड़कर शुरू की गई।

सनोज मिश्रा ने 'द डायरी ऑफ मणिपुर' के सेट से कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं, और लिखा, 'जनता जनार्दन की जय हो। सत्य की जय हो। विरोधियों साजिशकर्ताओं को सद्बुद्धि मिले।

## लाइफ स्टाइल

### 'कांटों' भरा दामन



पेरिस कॉउचर फ़ैशन वीक में मॉडल की यह कांटेदार ड्रेस ने अपनी ओर सभी का ध्यान खींचा। पेस्टल रंगों को पीछे छोड़ते हुए जाने माने डिजाइनर अरमानी प्राइव के कलेक्शन में चमकदार नारंगी रंग को बारिश के रंग के तौर पर प्रदर्शित किया गया। मॉडल इलिना ब्लांका ने अरमानी के डिजाइन को कुछ ज्यादा ही रौनक दिला दी है।

# हर दिन फाउंडेशन लगाना पड़ सकता है स्किन पर भारी



आज के समय में महिलाओं से लेकर पुरुष भी चेहरे पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं। इसके लाभ तो हर कोई जानता है, हम आपको इसके नुकसान बताएंगे। मेकअप के अहम प्रोडक्ट्स की बात करें तो फाउंडेशन को सबसे खास माना है। इसे लोग अपनी-अपनी स्किन टोन के हिसाब से खरीदते हैं। ये चेहरे पर अच्छा बेस तैयार करता है। पर, क्या आप जानते हैं कि यही फाउंडेशन आपके चेहरे को काफी हद तक नुकसान पहुंचा सकता है।

जी हां, फाउंडेशन मेकअप का जरूरी हिस्सा है, लेकिन इसे लंबे समय तक और रोज़ाना इस्तेमाल करने से त्वचा को कुछ नुकसान हो सकता है। खासकर अगर आप गलत प्रोडक्ट या बिना स्किन केयर के इस्तेमाल करें।

### पोर्स होंगे ब्लॉक

अगर आप प्रतिदिन चेहरे पर फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं तो इससे स्किन के पोर्स धीरे-धीरे बंद होने लगते हैं। जिसकी वजह से स्किन पर पिंपल्स और ब्लैकहेड्स हो सकते हैं। कई बार तो इसकी वजह मुंहासों की समस्या काफी ज्यादा बढ़ भी जाती है, जो काफी दिक्कत देती है।

### एलर्जी और रैशेज

यदि आप सस्ते और लोकल फाउंडेशन का इस्तेमाल हर दिन अपने चेहरे पर कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि कुछ फाउंडेशन में मौजूद केमिकल्स से एलर्जी, खुजली या रैश हो सकते हैं। ये दिक्कत सबसे ज्यादा उन लोगों को होती है, जिनकी त्वचा संवेदनशील त्वचा वालों को होता है।

### स्किन का संतुलन बिगड़ेगा

सस्ता फाउंडेशन हर दिन इस्तेमाल कर रहे हैं तो ध्यान रखें कि इसकी वजह से स्किन की नमी कम हो सकती है। कई मामलों में देखा गया है कि ज्यादा फाउंडेशन के इस्तेमाल से स्किन पर अतिरिक्त तेल भी जमने लगता है, जो आगे जाकर मुंहासों का कारण बनता है।

### त्वचा की प्राकृतिक चमक कम होना

हर दिन भारी मात्रा में फाउंडेशन का इस्तेमाल करने से चेहरे की चमक धीरे-धीरे कम होने लगती है। खासतौर पर अगर आप नियमित रूप से चेहरे पर किसी सस्ते से फाउंडेशन का इस्तेमाल करते हैं, तो इसकी वजह से आपका चेहरा डल होने लगता है।

### कम उम्र में एजिंग की शुरुआत

फाउंडेशन को सही से न हटाने की वजह से भी आपको एक बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। दरअसल, अगर फाउंडेशन को सही से साफ नहीं किया गया, तो यह स्किन को सांस लेने से रोकता है, जिससे समय से पहले झुर्रियां आ सकती हैं।

# कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा के न्यू डिजाइंस लगाएंगे आपकी खूबसूरती में चार चांद



अगर आप किसी खास मौके पर शामिल होने के दौरान स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप कुर्ता और चूड़ीदार पायजामा का चुनाव कर सकती हैं। यह आपके लुक को ब्यूटीफुल टच देगा, साथ ही इसे पहनने के बाद आप भीड़ से भी अलग नजर आएंगी। हर खास मौके पर ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए महिलाएं बेस्ट आउटफिट का चुनाव करती हैं। लेकिन, अगर आप अपने लुक को न्यू ट्विस्ट देना चाहती हैं, तो कुर्ता और चूड़ीदार पायजामा का चुनाव कर सकती हैं। आपको कुछ नए डिजाइंस वाले कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा दिखा रहे हैं। साथ ही, इन्हें स्टाइल करने की टिप्स भी बताएंगे। इस तरह का आउटफिट आप कई खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं, और इसमें आपका लुक बेहद सुंदर नजर आएगा।

### फ्लोरल प्रिंट कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा

अगर आप किसी फैमिली फंक्शन में शामिल हो रही हैं और इस दौरान स्टाइलिश लुक चाहती हैं, तो आप इस तरह का फ्लोरल प्रिंट कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा स्टाइल कर सकती हैं। यह आउटफिट फ्लोरल प्रिंट में आता है और इसमें आपका लुक अलग और सुंदर नजर आएगा। इस आउटफिट को आप ऑनलाइन या ऑफलाइन भी लगभग 1500 से 3000 रुपये की कीमत में कई सारे ऑप्शन के साथ आसानी से पा सकती हैं। इस आउटफिट के साथ आप मिरर वर्क झुमके पहन सकती हैं, साथ ही फुटवियर में आप फ्लैट्स पहन सकती हैं।

### कलरब्लॉक कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा

अगर आप किसी फंक्शन में शामिल हो रही हैं और इस दौरान भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं, तो आप इस तरह के कलर ब्लॉक कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा का चुनाव कर सकती हैं। यह आउटफिट आपके लुक को न्यू टच देने का काम करेगा और इसे स्टाइल करने के बाद आप सुंदर भी नजर आएंगी। इस तरह का आउटफिट आप ऑनलाइन प्लेटफॉर्म या बाजार से लगभग 2,500 से 3,000 रुपये की कीमत में खरीद सकती हैं। इस आउटफिट के साथ झुमके स्टाइल कर सकती हैं, साथ ही फुटवियर में आप हील्स का चुनाव कर सकती हैं।

### प्रिंटेड कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा

किसी फंक्शन में शामिल होने के दौरान न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का प्रिंटेड कुर्ता-चूड़ीदार पायजामा स्टाइल कर सकती हैं। यह आउटफिट प्रिंटेड डिजाइन में है और फुल स्लीव्स में आता है, साथ ही यह स्टाइलिश नेक डिजाइन में है। इस तरह का आउटफिट न्यू लुक पाने के लिए बेहतरीन है, और इसे आप कई सारे डिजाइन ऑप्शन्स के साथ खरीदकर किसी भी खास मौके पर स्टाइल कर सकती हैं।

# घर पर पानी में इन्हें मिलाकर करें पेडिक्योर



यदि आपको भी पार्लर में जाकर हर बार पेडिक्योर कराने के लिए सोचना पड़ता है और आपको जाने में आलस भी आता है तो आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में जरूर जानना चाहिए जिसे आप पानी में मिक्स करके घर पर ही पार्लर जैसी चमक वाला पेडिक्योर कर सकती हैं। यदि आप घर पर ही पैरों में पेडिक्योर करके पार्लर जैसा ग्लो पाना चाहती हैं, तो आपको बस दो चीजों को पानी में मिक्स करके अपने पैरों को कुछ देर डालना है।

### पेडिक्योर करने का तरीका

इसके लिए आपको सबसे पहले पानी को गर्म कर लेना है। अब इस पानी में आपको शैंपू डालकर मिक्स करना है। इसके साथ ही आप पानी में नींबू और शहद भी डालकर मिक्स करें। अब आप इसमें थोड़ा ग्लिसरीन डालकर मिलाएं। इसके बाद आपको इस पानी में अपने पैरों को करीब 10 मिनट तक डुबोकर रखना है।

अब आप पैरों को निकालकर ब्रश की मदद से डेड स्किन को हटाएं। इसके बाद करीब 5 मिनट तक पैरों को फिर उसी पानी में डालें। अब पैरों को पानी से बाहर निकालकर तौलिया से पोंछें। इसके बाद आप पैरों पर क्रीम से मालिश करें। आप देखेंगी आपके पैरों की स्किन काफी चमकदार हो जाएगी। और डेड स्किन भी इस हट जाएगी। साथ ही, आपके पार्लर जाने जा झंझट और पैसे भी बच जाएंगे। मैंने खुद घर पर इन तीन चीजों की मदद से अपने पैरों की स्किन को चमकदार बनाया है।

# मानसून में बालों की चमक ऐसे रहेगी बरकरार



बारिश के मौसम में अक्सर बाल ड्राई और डैंड्रफ की वजह से खराब नजर आते हैं। ऐसे में जरूरी है कि आप सही हेयर केयर टिप्स का ध्यान रखें। ऐसा इसलिए क्योंकि सही टिप्स की मदद से ही आप बालों को सिल्की बना सकती हैं।

### बारिश के मौसम में करें माइल्ड शैंपू का इस्तेमाल

आप अपने बालों वो हेल्दी रखने के लिए मानसून में माइल्ड शैंपू का इस्तेमाल करें। ऐसा इसलिए क्योंकि बारिश में स्कैल्प पर सबसे ज्यादा पसीना और धूल जमा हो जाती है। इसलिए माइल्ड शैंपू से बाल ज्यादा चिपचिपे भी नहीं होते हैं। साथ ही, इससे गंदगी भी साफ रहती है। इसे लगाने से आपके बालों में से एक्सट्रा ऑयल साफ हो जाता है और नेचुरल ऑयल की वजर से बाल सिल्की नजर आते हैं।

### बारिश में सिल्की बालों के लिए लगाएं हेयर मास्क

आप अगर बालों को बारिश के मौसम में सिल्की रखना चाहती हैं, तो ऐसे में आप नेचुरली घर पर रखी चीजों से बने हेयर मास्क को अप्लाई करें। इसके लिए दही, शहद और एलोवेरा जेल को मिक्स करके एक हेयर मास्क बनाएं। इसे हफ्ते में 1 बार बालों में अप्लाई करें। इसे लगाने से बालों में नेचुरली शाइन आएगी। साथ ही, बाल फ्रिजी नजर नहीं आएंगे।

### हीट स्टाइलिंग टूल्स का न करें ज्यादा इस्तेमाल

आप बालों को सिल्की रखना चाहते हैं तो मानसून सीजन में हीट स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल कम करें। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे आपके बाल ड्राई हो सकते हैं। साथ ही, उनकी नेचुरली नमी कम हो सकती है। ऐसे में ज्यादातर बाल दोमुंहे और ड्राई होते नजर आएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप हीट स्टाइलिंग टूल्स का इस्तेमाल कम करें।

बारिश में बालों की देखभाल थोड़ी सी एक्स्ट्रा करनी पड़ती है। लेकिन इन आसान घरेलू उपायों से आप अपने बालों को स्मूथ, सिल्की और हेल्दी बनाए रख सकती हैं। तो इस मानसून, दिखाइए अपने खूबसूरत बालों का जादू और सिल्की बालों से पाएं खूबसूरत लुक।

## कार्नर न्यूज

### चेहरे की चमक के लिए जरूरी है फेशियल मसाज


# शेविंग के बाद फेशियल मसाज के हैं कई फायदे

लंबे समय तक जवान और चमकदार दिखने के लिए, प्रीमियम स्किन केयर प्रोडक्ट्स के उपयोग के बारे में बहुत कुछ लिखा और कहा गया है। लेकिन, फेशियल केयर के लिए सख्त रूटीन पर बिल्कुल भी जोर नहीं दिया जाता है।

लेकिन, जो कोई भी एक्टिव रूप से अपनी स्किन की देखभाल करता है, उसे पता होगा कि यह केवल सतह पर आपके द्वारा की जाने वाली चीजें नहीं है, बल्कि वे भी हैं जो अंदर से बाहर की ओर काम करती हैं। सुंदरता जितनी बाहरी है उतनी ही आंतरिक प्रक्रिया होती है।

अगर आपको यही पसंद है तो सीरम और स्लीपिंग मास्क खरीदना भी जरूरी है, लेकिन यह न भूलें कि खुद को हाइड्रेट रखने और आपकी त्वचा के टिश्यू में रक्त के संचार को बढ़ाने जैसी बुनियादी आदतें, आपके स्किन केयर रूटीन गेम को बहुत आगे बढ़ा सकती हैं।

हर दिन कम से कम आठ गिलास पानी पीने से पहले भी स्किन की देखभाल की जा सकती है, जबकि बाद वाले में नियमित रूप से अपने चेहरे की मालिश करके पूरा किया जाता है।



हां, मसाज न केवल आपके हाथों और पैरों में, बल्कि आपकी फेशियल मसल्स में जकड़न को दूर करने के लिए एक प्रभावी वर्कआउट है। कुछ लोग इसे अपनी उंगलियों से करते हैं, जबकि अन्य कुछ लोग गुआ शा जैसे उपकरणों का उपयोग करते हैं। आप जो कुछ भी करेंगे, परिणाम आपको दिखाई देगा। इस आर्टिकल में हम आपको शेविंग के बाद फेशियल मसाज करने के 5 फायदों के बारे में जानकारी देंगे। इन फायदों के बारे में जानकर आप भी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रख सकते हैं। फेशियल मसाज के कई फायदे हैं।

### ब्लड सर्कुलेशन मे सुधार

आपके शरीर की कोशिकाओं में ऑक्सीजन युक्त ब्लड की सप्लाई बढ़ने से उनकी मरम्मत और डैमेज से उबरने में मदद मिलती है। इसलिए, जब आप अपने चेहरे की मसाज करते हैं, तो जिन टिश्यूज में मुंहासे और दाग होते हैं, वे तेजी से ठीक हो सकते हैं। मसाज, स्किन संबंधी समस्याओं को ठीक करने के अलावा रोकथाम में भी मदद करती है। यह मुहांसों, झुर्रियों और महीन रेखाओं को दूर रखता है। यह आपके चेहरे को प्राकृतिक चमक देता है।

### साइनस में मिलता है लाभ

जब तक आप साइनसाइटिस के गंभीर मामले से पीड़ित नहीं हैं, तब तक मसाज आपके चेहरे में जमा पदार्थ लिक्विड फार्म में होने के कारण होने वाले जमाव का एक प्रभावी इलाज है। यह बलगम की निकासी को बढ़ावा देकर सिरदर्द और अन्य प्रकार की परेशानी को दूर करने में मदद करता है।

यदि आपको लगता है, कि गुआ शा जैसे टूल बहुत हार्ड और अब्रेजिव हैं, तो प्रभावित हिस्सों पर अपनी उंगलियों की ट्रिक्स का उपयोग करें। छाती और गर्दन को न भूलें, क्योंकि यहीं पर बहुत अधिक बलगम जमा हो जाता है।

### खुल जाएंगे बंद छिद्र

मसाज न केवल आपके चेहरे की कोशिकाओं में ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाती है, बल्कि आपके छिद्रों को बंद करने वाली धूल, गंदगी और मृत त्वचा को भी हटाती है। एक बार जब वे पूरी तरह से खुल जाते हैं, तो टोनर और मॉइस्चराइजर जैसे प्रोडक्ट्स कहीं ज्यादा आसानी से स्किन में उनका अवशोषण हो जाता है। ये हाईड्रेशन और पोषण को बढ़ावा देता है और अनइवन टोन्स के लिए एक एंटीडॉट के रूप में काम करता है।

### बढ़ती उम्र की रोकथाम

कोलेजन आपकी त्वचा की खिंचाव को बनाए रखने के लिए जिम्मेदार तत्व है। जब पर्याप्त स्टिम्युलेशन नहीं होता है, तो समय के साथ इसकी प्रभावशीलता कम हो जाती है। इसी तरह झुर्रियाँ और फाइन लाइन्स जैसे उम्र बढ़ने के संकेत दिखाई देते हैं।

